# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026




**ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कितने भी प्रयास किए जाए निचले स्थल पर लापरवाही सामने आ ही जाती है। इस बार भी क्षेत्र में शिक्षा विभाग की लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। स्कूल में जिन मासूम बच्चों को पढ़ने के लिए कॉपी पुस्तक थमाकर भेजा जाता है उन हाथों में स्कूल प्रबंधन ने झाड़ू पकड़ा दिया। नन्हे बच्चों से शौचालय और स्कूल परिसर की सफाई कराई जाती है। स्कूल में बच्चों से झाड़ू व सफाई कराए जाने का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हुआ है जिसके बाद अभिभावकों में रोष का माहौल है।**

# स्कूल में सफाईकर्मी नहीं, पढ़ाई करने गए बच्चों से लगवा रहे झाड़ू, करा रहे सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

यह मामला विकासखंड के वासुदेवपुर दवनकरा स्थित शासकीय विद्यालय का है जहां प्राथमिक शाला के बच्चों से स्कूल परिसर में झाड़ू लगवाने के साथ ही शौचालय में सफाई कराई जा रही है। बच्चे झाड़ू लेकर परिसर में सफाई कर रहे है। स्कूल परिसर में बच्चों के साथ किए जा रहे इस व्यवहार और काम कराए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद अभिभवकों में खासा रोष है। परिजन का कहना है कि वे अपने बच्चों को स्कूल में पढने के लिए कॉपी-पुस्तक देकर भेजते है ना की प्रबंधन की लापरवाही के कारण साफ सफाई करने के लिए। आरोप है कि स्कूल में सफाईकर्मी नहीं होने के कारण आए दिन बच्चों से सफाई कराई जाती है। गांव के उप सरपंच मुकेश राजवाड़े ने आरोपों की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। लंबे समय से स्कूल में बच्चों से सफाई करवाई जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि शिक्षक बच्चों को यह कहकर डराते रहे कि अगर वे सफाई नहीं करेंगे तो स्कूल में कोई दूसरा कर्मचारी नहीं आएगा।

**वीडियो हुआ वायरल, वासुदेवपुर स्कूल का मामला, अभिभावकों में भी रोष**



## ग्रामीणों ने कहा- जिम्मेदारी अधिकारियों की

स्कूल में बच्चों से साफ सफाई कराए जाने का वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीण फूलसाय पैकरा ने कहा कि यदि स्कूल में सफाईकर्मी नहीं है तो इसकी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की है ना की बच्चों की। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन के साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है। अधिकारी कभी स्कूल का निरीक्षण नहीं करते है और यदि स्कूल जाते है तो फिर उन्होंने बच्चों की समस्या को जानबूझकर अनदेखा किया।

## विवाद के कारण नहीं हुई नियुक्ति

बताया जा रहा है कि स्कूल में सफाई कर्मी की नियुक्ति नहीं होने का प्रमुख कारण स्थानीय विवाद है। स्कूल के लिए जिस परिवार ने जमीन दान दी है उनके द्वारा अपने व्यक्ति को नौकरी पर रखने का दबाव बनाया जाता है यही वजह है कि अब तक सफाईकर्मी की नियुक्ति नहीं हुई लेकिन समस्या से अवगत होने के बाद भी अधिकारियों ने कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता का खामियाजा छोटे छोटे बच्चे भुगत रहे है।

## बच्चों से सफाई कराना अपराध

स्कूल में बच्चों से साफ सफाई कराना गंभीर अपराध है। स्कूल में स्वीपर की नियुक्ति होनी चाहिए थी लेकिन स्थानीय विवाद के कारण यह संभव नहीं हो सका। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

-**मुन्नूलाल धुर्वे**, बीईओ

## की जाएगी कार्रवाई

मामला के गंभीरता को देखते हुए जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, लगातार शिक्षा विभाग की शिकायत आ रही है मामले में जांच की जाएगी।

-**एस जयवर्धन**, कलेक्टर

## खबर संक्षेप

### प्रताड़ना से क्षुब्ध छात्र ने की आत्महत्या



**महासमुंद।** दो छात्रों की आपसी लड़ाई का मामला स्कूल प्रबंधन तक पहुंचा और प्राचार्य द्वारा कथित रुप से सबके सामने अपमानित और सजा दिए जाने से क्षुब्ध होकर छात्र ने जान दे दी। मामला शहर के एक ब्लॉक के निजी स्कूल का है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना की शुरुआत 6 फरवरी को हुई थी। भावेश यादव पिता उमेश यादव अन्य दिनों की तरह स्कूल गया। स्कूल परिसर में किसी बात को लेकर भावेश और दो अन्य छात्रों के बीच विवाद और मारपीट होने के बाद मामला विद्यालय प्रबंधन तक पहुंचा। परिजनों के अनुसार प्राचार्य ने बीच-बचाव या उचित जांच करने के बजाय सारा दोष भावेश पर मढ़ दिया। छात्र की मौत के बाद जमकर बवाल हुआ। परिजनों ने जांच की मांग की है।

### मोहरा एनीकट में नहाने उतरे दो नाबालिग गहरे पानी में डूबे



**सूरजपुर।** रविवार को रामनगर से गुजरी रेड़ नदी में बने मोहरा एनीकट में नहाने के लिए उतरे दो किशोरों की गहरे पानी में डूब जाने की खबर है,घटना की सूचना मिलने पर जिले की एसडीआरएफ टीम के साथ स्थानीय गोताखोरों को लेकर बिश्रामपुर पुलिस दोनों बच्चों की तलाशी के लिए सर्च अभियान चलाए हुए हैं लेकिन समाचार लिखे जाने तक दोनों किशोरों का कुछ पता नहीं चल सका है। बताया गया कि शिवनंदनपुर गवटियापारा निवासी सेराज अंसारी का 12 वर्षीय पुत्र आदिल और जयनगर कुंजनगर निवासी मो. जावेद का 15 वर्षीय पुत्र अयान सद्दाम रविवार की दोपहर अपने अन्य 5-6 हमउम्र दोस्तों के साथ घूमने के उद्देश्य से रामनगर मोहरा एनीकट डेम पहुंच गए जिसमें आदिल और अयान बातचीत करने दौरान नहाने के लिए डेम में उतर गए और देखते ही देखते वे गहरे पानी में समा गए,उन्हें डूबते देख साथियों ने हो हल्ला व शोर भी किया लेकिन तब तक दोनों गहरे जल में लापता हो चुके थे।

### कोयला खदान में अनलोड ट्रेलर में लगी आग

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका खदान में एक अनलोड ट्रेलर में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद खदान में मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग लगने की सूचना तत्काल दमकल वाहन को दी गई। एसईसीएल की फायर ब्रिगेड टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आगजनी के कारण कुछ समय के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। जानकारी के मुताबिक आग लगने के समय ट्रेलर वाहन अनलोड अवस्था में था। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। यह ट्रेलर बृजेश सिंह के डीओ में नियोजित था और जिसमा मालिक प्रिंस पांडे है। राहत की बात यह रही कि ट्रेलर में कोयला लोड नहीं था, जिससे बड़े नुकसान से बचा जा सका। रोड सेल इंचार्ज संतोष सिंह ने बताया कि ट्रेलर में कोयला नहीं था।

**सफलता : मारा गया नक्सली कांकेर कंपनी नंबर का था कमांडर**

# तीन दिनी महाराष्ट्र आपरेशन में कांकेर का कंपनी कमांडर व एक महिला नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में भामरागढ़ इलाके में तीन दिन तक चले सघन नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। इस आपरेशन में कुल सात नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जिनमें कांकेर जिले में सक्रिय कंपनी नंबर 05 का कमांडर फागू मड़ियाम और कंपनी नंबर 05 की महिला नक्सली जोगी सोढ़ी भी शामिल हैं। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में भामरागढ़ इलाके में कंपनी नंबर 10 के चार दर्जन नक्सली विगत दो सप्ताह से कांकेर जिला और महाराष्ट्र में आना जाना कर रहे थे। महाराष्ट्र के भामरागढ़ पुलिस अनुभाग इलाके में तीन दिन मुठभेड़ चली। गढ़चिरौली पुलिस ने इस मामले में एक ही दिन में दो प्रेस नोट जारी किया, जिसमें बताया गया कि 04 फरवरी को माओवादियों ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू किया और जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने माओवादियों के 2 ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इसके उपरांत 05 फरवरी को सी 60 की 4 टुकड़ियाँ और सीआरपीएफ क्यूएटी भेजी गई। इस दिन हुई मुठभेड़ में 03 माओवादी मारे गए और 06 फरवरी को फिर से हुई मुठभेड़ में 04 और माओवादी मारे गए। इस प्रकार 3 दिनों में कुल 07 माओवादी ढेर हुए।


**खास बातें**

- खतरनाक नक्सली रूपी, शंकर, मनकू और चंदर पर अब कांकेर पुलिस की नजर
- कंपनी नंबर 05 की कमान अब किसके पास होगी, यह कुछ दिनों बाद चलेगा पता
- कंपनी नंबर के 05 के 15 सदस्यों में से 2 ढेर, 13 नक्सली सक्रिय
- परतापुर एरिया कमेटी में 14 नक्सली अभी भी सक्रिय
- उत्तर बस्तर डिविजन अंतर्गत टेक्निकल टीम में 2 नक्सली सक्रिय
- उत्तर बस्तर डिविजन व्यूरो की सप्लाई टीम में 3 सक्रिय नक्सली




मृतक कंपनी नंबर 05 का कमांडर फागू

**मृतक नक्सलियों के पास से मिले हथियार**






### कंपनी नंबर 05 में 13 सदस्य होने की संभावना

जानकारों की माने तो कंपनी नंबर 05 में 15 नक्सली सक्रिय है। कंपनी नंबर 05 के कमांडर राजू सलाम के समर्पण किए जाने के बाद से दक्षिण बस्तर बीजापुर जिले के दल्ला थाना बासागुड़ा का निवासी फागू मड़ियाम को कंपनी नंबर 05 का कमांडर बनाया गया था, इसके अलावा कंपनी नंबर 05 में आकाश, स्वरूपा उसेंडी, सुकदास उईका, जानकी सोढ़ी, जोगी सोढ़ी, भीमा उर्फ नंदू, कुमारी रोशनी मरकाम, मोनिका, कुमारी लिंगे, रंगाल पोटाई, दारसू शोरी, हिड़मा शोरी, शंकर और होलिका है। इसमें से दो फागू और जोगी सोढ़ी मुठभेड़ में मारे गए।

### मुठभेड़ में मारे गए नक्सली

मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में पश्चिम सब-जोनल ब्यूरो के प्रभारी और कंपनी नंबर 10 के प्रभारी डीकेएसजेडसी प्रभाकर, कंपनी नं. 10 का प्रभारी व डीकेएसजेडसीएम रवि, प्रभाकर की गार्ड अनिला उर्फ बुदरी कोवाची पीपीसीएम, कामेश पाड़ा पीपीसीएम, भजनाथ सोढ़ी उर्फ भीमा होली एसीएम के अलावा कांकेर जिला में सक्रिय कंपनी नंबर 05 का कमांडर कांकेर जिला में सक्रिय कंपनी नंबर 05 का कमांडर फागू मड़ियाम,कंपनी नंबर 05 की सदस्य जोगी सोढ़ी पति सुकदास उईका मारे गई। हथियारों में तीन एके 47, 01 एसएलआर, एक 303 रायफल, 3 बीजीएल, 173 जीवित कारतूस और अन्य माओवादी साहित्य जब्त किया गया।

### फागू बीजापुर में करना चाह रहा था सरेंडर

दो माह पहले कंपनी नंबर 05 का कमांडर फागू कड़ियाम बीजापुर में सरेंडर करने की बात ग्रामीणों के मध्य किया था, परंतु रूपी के संपर्क में आ जाने के कारण उसने सरेंडर करने का मन बदल दिया। उसकी पत्नी जानकी सोढ़ी साए की तरह साथ में रहती थी, परंतु दोनो कैसे अलग हुए, यह रहस्य बन गया है। कंपनी नंबर 05 और परतापुर एरिया कमेटी में बची महिला नक्सली अपने पतियों और पुरूष नक्स्ली अपनी पतियों का बदला लेने के चक्कर में समर्पण के लिए सामने नहीं आ रहे है, उनके अंदर बदले की आग भड़क रही है।

**अर्जुन नगर क्षेत्र से लापता हुई थीं नाबालिग लड़कियां**

# दो दिन बाद तीन लड़कियों को पुलिस ने बिलासपुर से किया सुरक्षित बरामद

**भिलाई।** दुर्ग जिले के भिलाई से दो दिन पहले गायब हुईं तीन लड़कियों को क्राइम यूनिट और विशेष टीम की मदद से रविवार को सकुशल बिलासपुर जिले के उसलापुर क्षेत्र से बरामद कर लिया गया है।

दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना 6 फरवरी शाम की है। सुपेला नगर थाना अंतर्गत अर्जुन नगर कैंप-1 में रहने वाली तीन नाबालिग लड़कियां जो आपस में दोस्त भी थीं, घर से बिना किसी को कुछ बताए ही कहीं चली गईं। काफी तलाश के बाद जब उनका पता नहीं चला तो दूसरे दिन परिजनों ने सुपेला थाना पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। सुपेला पुलिस ने पहले तो आसपास खोजबीन की, लेकिन जब तीनों का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने लड़कियों की तलाश के चार विशेष टीमों का गठन किया। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी और डीएसपी चित्रा वर्मा के नेतृत्व में टीमों ने तलाश शुरू की। पुलिस ने पहले आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया। लोगों से पूछताछ की। संभावित स्थानों पर पतासाजी करना शुरू किया। इसके अलावा आरपीएफ, जीआरपी और चाइल्ड लाइन को भी तीनों के गायब होने की सूचना दी गई।



### दो दिनों तक जिले में मचा रहा हड़कंप

अचानक से तीन नाबालिग के गायब होने की सूचना से जिले में हड़कंप मच गया था। पुलिस की टीम ने खोजबीन करना शुरु कर दी। 8 फरवरी को रेलवे पुलिस बिलासपुर से दुर्ग पुलिस को सूचना मिली कि तीन लड़कियां उसलापुर रेलवे स्टेशन में मिली हैं। पुलिस ने वाट्सअप में उनका फोटो मंगवाया। शिनाख्त होने के बाद तुरंत यहां से एक टीम को भेजा गया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बच्चों को लेकर किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति या गुमशुदगी की सूचना मिलने पर नजदीकी थाना व डायल 112 पर सूचना दें।




**बरामद किया गया**

चार अलग-अलग टीमे बनाई गई थी। शिकायत मिलने पर तुरंत पुलस खोजबीन शुरु किया गया। आसपास में लगे सीसीटीवी को भी खंगाला गया है। उसलापुर बिलासपुर से सुरक्षित तीनों को बरामद किया गया है।

-**मणीशंकर चंद्रा**, एएसपी

# ट्रक-बाइक की भिड़ंत में गोदावरी माइंस के दो कर्मचारी की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

रायपुर की ओर जा रहे लौह अयस्क से भरी ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएफ 5400 और सामने से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 19 बीटी 2100 की आमने-सामने भैसाकन्हार क्षेत्र में रविवार को दोपहर डेढ़ बजे भीषण एक्सीडेंट हो गया, जिसमें एक युवक की मौके पर और दूसरे की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार साल्हे गांव निवासी गायता कपिल सलाम बाइक चला रहा था, जबकि उसके पीछे रितेश बढ़ई बैठा हुआ था। दोनों युवक गोदावरी माइंस में कार्यरत बताए जा रहे हैं और पैसा एटीएम से निकालने के लिए साल्हे से भानुप्रतापपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान भैसाकन्हार के पास रायपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक से मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित हुई और आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक ट्रक के नीचे आ गए और चक्का में फंस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक दोनों युवकों को काफी दूरी तक घसीटता हुआ ले गया। इस दर्दनाक हादसे में रितेश बढ़ई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गायता कपिल सलाम गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद घायल युवक को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला। उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में भर्ती कराया गया, परंतु इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतकों के परिजन भी घटना की खबर मिलते ही पहुँच गए और क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया।



# ऑक्सीजन न मिलने से युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिला मुख्यालय में स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। निमोनिया से पीड़ित 35 वर्षीय युवक की समय पर ऑक्सीजन न मिल पाने के कारण मौत हो गई। परिजनों ने निजी सोमेश्वर अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और समर्थकों ने अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने शांत कराया। मृतक बसंत देवांगन (35) को शनिवार रात लगभग 8 बजे सांस लेने में परेशानी होने पर सोमेश्वर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृतक के भाई पीतेश्वर देवांगन के अनुसार, करीब 12 घंटे बाद अस्पताल प्रबंधन ने मरीज को निमोनिया तथा पसली की एक हड्डी टूटने की जानकारी दी। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने मरीज को रायपुर रेफर करने की मांग की।

**अस्पताल प्रबंधन ने आरोपों से किया इनकार-** अस्पताल संचालक कोमल सिन्हा ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि मरीज का उपचार सही तरीके से चल रहा था और परिजन अपनी इच्छा से उसे बाहर ले जाना चाहते थे। उन्होंने बताया कि चालक उपलब्ध नहीं था, इसलिए परिजन स्वयं एंबुलेंस चलाने को तैयार हुए। उनका दावा है कि ऑक्सीजन सिलेंडर कम होने की जानकारी पहले ही दे दी गई थी और रास्ते में सिलेंडर बदलने की सलाह भी दी गई थी।

**शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के फर्जीवाड़ा की कहानी अब भी जारी**

# याचिका दायर होते ही बैकडेट में जारी कर दिया पोस्टिंग आदेश, नाराज हाईकोर्ट ने डीईओ को कर लिया तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

युक्तियुक्तकरण में फर्जीवाड़ा की कहानी अब भी जारी है। एक हेडमास्टर ने जब हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पदस्थापना की मांग की, तब आनन-फानन में डीईओ ने बैकडेट की फाइल चला दी। जिस दिन याचिका दायर हुई उसके एक दिन पहले की तारीख पर याचिकाकर्ता शिक्षिका के लिए पोस्टिंग आदेश जारी कर दिया गया। हालांकि इसके बाद भी इस तरह की गड़बड़ी को लेकर नाराज हाईकोर्ट ने डीईओ को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत उपस्थित होने और गड़बड़ी को लेकर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। मामले में याचिकाकर्ता ने सीधे डीईओ को पक्षकार बनाया था। याचिका की अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी।



दरअसल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या, तारबाहर में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ चित्ररेखा तिवारी को युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गतौरा विकासखंड, मस्तूरी में पदस्थापना दी गई थी। इस स्कूल में हेड मास्टर पहले से ही पदस्थ थे। लिहाजा चित्ररेखा तिवारी तारबाहर मिडिल स्कूल में ही सेवाएं देने लगी। इस बात की जानकारी उन्होंने डीईओ सहित जिला स्तरीय समिति को दी और पदस्थापना की मांग की। आवेदन के बाद भी जब पदस्थापना आदेश जारी नहीं हुआ तब उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की। हेडमास्टर चित्ररेखा तिवारी की याचिका हाईकोर्ट में 31 जनवरी को रजिस्टर्ड की गई। हाई कोर्ट में याचिका दायर होने की जानकारी मिलते ही डीईओ ने बैकडेट में 30 जनवरी को याचिकाकर्ता हेड मास्टर का पोस्टिंग आर्डर जारी कर दिया। हालांकि जिला शिक्षा अधिकारी की यह चालाकी काम नहीं आई और डीईओ कटघरे में खड़े हो गए।

### *डीईओ कार्यालय की गड़बड़ी आई सामने*

*याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य शासन के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता हेड मास्टर की पदस्थापना आदेश डीईओ कार्यालय ने पहले ही जारी कर दिया है। पदस्थापना आदेश की कॉपी पेश करते हुए अधिवक्ता ने बताया कि 30 जनवरी को फरहदा मिडिल स्कूल के लिए पोस्टिंग आर्डर जारी किया गया है। आर्डर में जारी डेट को देखने के बाद याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कोर्ट को बताया, कोर्ट में याचिका 31 जनवरी को रजिस्टर्ड हुआ है। डीईओ को इस बात की जानकारी नहीं थी कि याचिका कब रजिस्टर्ड हुआ है,लिहाजा कोट को गुमराह करने के लिए बैकडेट में पोस्टिंग आर्डर जारी कर दिया गया है। यह सीधा-सीधा फर्जीवाड़ा का मामला है।*

आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹114621/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹139990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹152813/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026


### छत्तीसगढ़ @ 25 : 'शिफ्टिंग द लेंस' कार्यक्रम में विचारधारा विकास और माओवाद पर बात, बड़ा दावा

# केंद्रीय मंत्री शाह बोले- मैं गृहमंत्री था, जिम्मेदारी के साथ कह सकता हूं, भूपेश सरकार ने नक्सलियों को दे रखा था संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में ऑर्गेनाइजर के कॉन्क्लेव में कहा , मैं भूपेश बघेल के समय भी केंद्रीय गृहमंत्री रहा था। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ यह कह सकता हूं कि भूपेश बघेल की सरकार ने माओवादी आतंक को संरक्षण दिया था। मैं समझ नहीं पाता हूं कि कैसे कोई शासन किसी हथियारबंद समूह को प्रश्रय दे सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित छत्तीसगढ़ @ 25 : शिफ्टिंग द लेंस कार्यक्रम में श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ न केवल स्वयं विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, बल्कि यह नए भारत के लिए शुभंकर सिद्ध होगा। छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर विकसित भारत 2047 की दिशा में एक मजबूत स्तंभ बनकर उभर रहा है।

- नए भारत के लिए शुभंकर सिद्ध होगा छत्तीसगढ़
- विकसित भारत 2047 की दिशा में एक मजबूत स्तंभ बनकर उभर रहा



### छोटे राज्यों के संसाधन और विकास पर उठे थे सवाल

श्री शाह ने कहा, जब छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड के लिए आंदोलन चल रहे थे, तब लंबे समय तक देश में कांग्रेस की सरकार रही और कहा जाता था कि इतने छोटे राज्य कैसे टिकेंगे? उस समय छत्तीसगढ़ भोपाल से 500 किलोमीटर से अधिक दूर था और संयुक्त मध्यप्रदेश की भौगोलिक व प्रशासनिक संरचना ऐसी थी कि इस क्षेत्र के साथ न्याय होना कठिन था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह किसी तत्कालीन मुख्यमंत्री की असफलता नहीं थी, बल्कि संरचना ही ऐसी थी कि एक ही प्रशासनिक इकाई से इसे संभालना संभव नहीं था।

### विकसित छत्तीसगढ़ केवल नारा नहीं

*गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, विकसित छत्तीसगढ़ केवल एक नारा नहीं, बल्कि विचार, विचारधारा और सुशासन से निकली हुई 25 वर्षों की यात्रा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि छोटे राज्यों की अवधारणा को लेकर कभी शंका व्यक्त की जाती थी, लेकिन छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि शासन स्पष्ट विचारधारा से संचालित हो तो छोटे राज्य भी विकास के बड़े मॉडल बन सकते हैं।*

## पंडुम के मंच पर आज प्रतिभाओं का सम्मान माओवाद पर प्रहार भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

केंद्रीय गृहमंत्री का बार बार बस्तर आना कई मायनों में महत्वपूर्ण होता जा रहा है। लगभग सवा साल पहले 15 दिसंबर 2024 को बस्तर ओलंपिक के समापन में उन्होंने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे का ऐलान किया था। 9 फरवरी को अमित शाह बस्तर पंडुम के समापन अवसर पर शहर के ऐतिहासिक लालबाग मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। नक्सल समस्या के खात्मे की डेडलाइन के लिए मात्र 50 दिन बचे हैं। ऐसे में ▸▸|शेष पेज 5 पर

### ये अतिथि भी होंगे शामिल

*कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, वन मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, खाद्य मंत्री दयालदास* ▸▸|शेष पेज 5 पर

## केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा- छत्तीसगढ़ कभी नक्सली हिंसा का गढ़ था, अब यह विकास का पर्याय

# शाह ने दोहराया, 31 मार्च से पहले छत्तीसगढ़ समेत देश हो जाएगा नक्सलवाद से मुक्त

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साफ कहा कि नक्सलवाद खत्म होने वाला है। डेडलाइन 31 मार्च से पहले माओवाद का खात्मा हो जाएगा। रायपुर में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक रणनीति पर मंथन के लिए रविवार को हुई एलडब्ल्यूई की बैठक में घंटों मंथन हुआ। इस दौरान उन्होंने शीर्ष अफसरों से कहा कि नक्सलवाद आखिरी सांसें ले रहा है। नक्सल अभियान में लगातार सफलता मिल रही है, शेष बचे नक्सलियों को अन्य राज्यों में भागने न दें।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बैठक के बाद इस संदर्भ में उन्होंने एक्स पर ट्वीट भी किया। श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ कभी नक्सली हिंसा का गढ़ था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन सरकार में अब यह विकास का पर्याय बन चुका है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। साथ ही गृहमंत्री ने छत्तीसगढ़ में ▸▸|शेष पेज 5 पर



### नक्सल नेटवर्क के टूटने से आए अच्छे परिणाम

बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार की सुरक्षा केंद्रित रणनीति, इंफ्रास्ट्रक्चर, नक्सल वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार व आत्मसमर्पण नीति के सकारात्मक परिणाम आए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी 31 मार्च से पहले नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो रहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, छत्तीसगढ़ कभी नक्सली हिंसा का गढ़ था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन सरकार में यह अब विकास का पर्याय बन चुका है। ▸▸|शेष पेज 5 पर

### राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच हो समन्वय

श्री शाह ने कहा, नक्सलियों के खिलाफ चल रही लड़ाई बिखरी हुई नहीं होनी चाहिए। विभिन्न राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच सुचारू समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, शेष बचे माओवादियों को अन्य राज्यों में भागने नहीं दिया जाना चाहिए।

### विकास को लेकर बनी रणनीति

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ ने सुरक्षा और विकास दोनों मोर्चों पर उल्लेखनीय प्रगति की है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को विकास के समान अवसर प्राप्त हों।

एसआईटी रिपोर्ट के बाद बोले सीएम हिमंता

## सांसद गोगोई, एलिजाबेथ और पाकिस्तान के बीच गहरा रिश्ता





एजेंसी ▸▸| दिसपुर

असम विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में राजनीतिक टकराव बढ़ गया है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के बीच पाकिस्तान से जुड़े संबंधों को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। मुख्यमंत्री ने गोगोई के पाकिस्तान दौरे पर गंभीर सवाल उठाए हैं। वहीं, कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने भी इन आरोपों पर पलटवार किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा लगातार उन पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस सांसद पर हमला करते हुए कहा कि ▸▸|शेष पेज 5 पर

### गौरव का पलटवार पूछा-6 महीने तक चुप क्यों रहे?

गौरव गोगोई ने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने ढाई घंटे की प्रेस कांफ्रेंस में अपनी एक फ्लाप फिल्म दिखाने की कोशिश की। सीएम अपनी बात कमरे में बैठे पत्रकारों को भी नहीं समझा पाए। उन्होंने कहा, मैंने पहले ही कहा था कि यह फ्लाप होगा, लेकिन यह सिर्फ फ्लाप नहीं, बल्कि सुपर फ्लाप शो साबित हुआ'। जो बातें सीएम आज कह रहे हैं, वो 10 सितंबर को भी कह सकते थे, लेकिन वे 6 महीने तक चुप क्यों रहे?

## यस बैंक में 165 करोड़ का संदिग्ध लेनदेन, 285 खातेदारों की जानकारी कोर्ट में पेश नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

भिलाई के सुपेला स्थित यस बैंक में करोड़ों रुपए के संदिग्ध लेनदेन के मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया है। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने यस बैंक को सभी खातेदारों की पूरी जानकारी उपलब्ध कराने का अंतिम अवसर दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय में जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई तो मामले की जांच किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी को सौंप दी जाएगी।



हाईकोर्ट सख्त, कहा मामले की जांच किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी को सौंप दी जाएगी

हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार, सुपेला स्थित यस बैंक की शाखा में लगभग 165 करोड़ रुपए के लेनदेन का मामला सामने आया है। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि अनिमेष सिंह के नाम से खोले गए एक खाते में कुल 457 बैंक खातों से लेनदेन किया गया। हाईकोर्ट ने ▸▸|शेष पेज 5 पर

### कोर्ट ने दिया अंतिम अवसर

डिवीजन बेंच ने अपने आदेश में कहा कि स्वतंत्र जांच एजेंसी को जांच सौंपने से पहले बैंक को सभी खातेदारों की संपूर्ण जानकारी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी। इसे अंतिम अवसर माना जाएगा। मामले में एक अहम मोड़ तब आया, जब अभियुक्त अनिमेष सिंह ने जिला न्यायालय से जमानत प्राप्त करने के बाद अपने खिलाफ की गई पुलिस कार्रवाई को गलत बताते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की।

कोटगढ़ में भीषण सड़क हादसा

## टक्कर के बाद तीन ट्रेलर में आग एक चालक जिंदा जला, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अकलतरा

अकलतरा-बलौदा मार्ग पर ग्राम कोटगढ़ के समीप रविवार को तड़के तीन ट्रेलर के बीच आपस में जबरदस्त टक्कर हो गई।इसके बाद लगी आग से एक चालक जिंदा जल गया, वहीं दो वाहनों के चालक गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार 8 फरवरी की सुबह लगभग 4:30 से 4:45 बजे के बीच कोटगढ़ घाटी क्षेत्र में ट्रेलर क्रमांक सी जी 12 एस 5371, सी जी 12 बी जे 5287 एवं सी जी 10 बी जी 6122 आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों ट्रेलरों के इंजन में तुरंत आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने तेज धमाकों की आवाज सुनी, जिससे लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए और देखा तो सामने का दृश्य भयावह था—तीनों ट्रेलर आग की लपटों में घिरे हुए थे, इंजनों से ऊंची-ऊंची लपटें उठ रही थीं और बीच-बीच में ▸▸|शेष पेज 5 पर



### घायल चालक रेफर

पुलिस ने बताया कि हादसे में ट्रेलर चालक सुखनंदन गोंड़ (35 वर्ष), निवासी मानिकपुर, पाली, कोरबा की मौत हो गई। वहीं श्यामलाल यादव (30 वर्ष), निवासी ग्राम चैतमा एवं छोटेलाल (38 वर्ष), निवासी ग्राम हरदी विशाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर भेजा गया।

### तेज रफ्तार और ओवरटेक बनी हादसे की वजह

घायल चालक श्यामलाल यादव ने बताया कि पीछे से आ रहे ट्रेलर चालक ने अत्यधिक तेज गति में ओवरटेक करने का प्रयास किया, तभी सामने से आ रहे ट्रेलर से उसकी सीधी टक्कर हो गई, जिससे यह भीषण हादसा हुआ।






भारत-मलेशिया की दोस्ती का नया अध्याय, हुए 11 समझौते

# मोदी बोले-आतंकवाद पर 'कोई समझौता नहीं'

एजेंसी ▸▸| कुआलालंपुर

भारत और मलेशिया ने रविवार को व्यापार एवं निवेश, रक्षा, ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण तथा सेमीकंडक्टर जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अपने संबंधों का विस्तार करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर देकर कहा कि दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ व्यापक वार्ता के बाद मोदी ने आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहाः आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है; कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। दोनों पक्षों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में ▸▸|शेष पेज 5 पर



### सहयोग को मजबूत करने सहमति

मोदी और इब्राहिम ने संयुक्त राष्ट्र सहित बहुपक्षीय मंचों में सहयोग को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के सुधारों का समर्थन करने पर भी सहमति व्यक्त की। संयुक्त बयान में कहा गया है, उन्होंने समकालीन वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करते हुए बहुपक्षवाद को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

### भारतीय समुदाय से सीधा संवाद

*प्रधानमंत्री मोदी के कुआलालंपुर आगमन पर भव्य सांस्कृतिक तरीके से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद दोनों प्रधानमंत्रियों ने साथ मिलकर एमआईएनईएस इंटरनेशनल एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में मलयेशिया में भारतीय समुदाय के इतिहास पर प्रदर्शनी और करीब 800 स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां शामिल रहीं।*

### भारत और मलेशिया के बीच अहम घोषणाएं

- मलेशिया में भारतीय वाणिज्य दूतावास की स्थापना
- यूनिवर्सिटी मलाया, कुआलालंपुर में एक समर्पित तिरुवल्लुवर केंद्र की स्थापना
- मलेशियाई नागरिकों के लिए तिरुवल्लुवर छात्रवृत्ति संस्थान
- एनआईपीएल और पेनेट एसडीएन बीएचडी के बीच सीमा पार भुगतान पर समझौता
- साइबरजाया विश्वविद्यालय (यूओसी) और आयुर्वेद प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए) के बीच शैक्षणिक सहयोग पर समझौता ज्ञापन

# न फोटो, न रील...सिर्फ होगा रियल रोमांच, जिम कॉर्बेट में लगा 'डिजिटल ब्रेक'

## नियम का उल्लंघन करने पर कर्मियों व दोषियों पर होगी वैधानिक कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| नैनीताल

नैनीताल जिले के ही रामनगर (कॉर्बेट पार्क) में 'डिजिटल ब्रेक' शुरू हो गया है। सफारी के दौरान अब पर्यटकों को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। ट्यूरिस्ट अपने साथ केवल डीएसएलआर कैमरा ही ले जा सकेंगे। कॉर्बेट पार्क प्रशासन ने सभी जोन में इस आदेश को लागू कर दिया है। हालांकि डीएसआर कैमरे पर्यटक ले जा सकेंगे पर उसके लिए शुल्क जमा करना होगा।

ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी नेशनल पार्क में सफारी में मोबाइल के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आदेश किया था। जंगल सफारी के दौरान स्मार्ट फोन का उपयोग नहीं किया जाएगा, जिसके पीछे वन्यजीवों की सुरक्षा व पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित हैं। इस फैसले के जरिए जंगल क्षेत्र में शोर और डिजिटल हस्तक्षेप को कम करने और प्राकृतिक वातावरण बनाने का मकसद भी है।

### सफारी में मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित

कार्बेट पार्क में आज से सफारी में मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित हो गया है। अब पर्यटक, चालक और गाइड जंगल में जिप्सी सफारी के दौरान मोबाइल से वन्य जीवों व नैसर्गिक सौंदर्य की फ्रोटो नहीं ले सकेंगे। मोबाइल से आवाज (रिंगटोन, वीडियो रिकॉर्डिंग की आवाज) या फ्लैश आता है, जो जंगल के शांत माहौल को खराब करता है। कई बार एक ही जगह पर कई सफारी वाहन (कैंटर) जमा हो जाते हैं, क्योंकि लोग फोटो/वीडियो के लिए रुकते हैं, जिससे ट्रैफिक जैम होता है और जानवरों पर दबाव बढ़ता है।



### गेट के पास बने लॉकर में रखें मोबाइल

जो पर्यटक डे सफारी के लिए जाएंगे, उनके मोबाइल को रखने के लिए गेट में लाकर बनाए गए हैं। इन लॉकर्स में गाइड अपना, जिप्सी ड्राइवर और पर्यटकों के मोबाइल रख जाएंगे और साथ में अपने साथ चाभी ले जाएंगे। जंगल से बाहर आने के बाद लॉकर से अपना मोबाइल ले जाएंगे। पर्यटक वन विश्राम गृह में मोबाइल का उपयोग करेंगे। सफारी में जाने पर मोबाइल वन विश्राम गृह में ही रखकर जाएंगे। पर्यटक सफारी में केवल कैमरा अपने साथ ले जा सकते हैं।

### नियम तोड़ने पर सख्त कार्रवाई

*आदेश के अनुसार यदि कोई पर्यटक, गाइड या वाहन चालक इस नियम की अनदेखी करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वन अधिकारियों ने कहा है कि उल्लंघन पर जुर्माना (100 से हजारों रुपये तक) और एफआईआर दर्ज हो सकती है। यह कदम पर्यटन को नियंत्रित करने के लिए नहीं बल्कि वन्यजीव संरक्षण के लिए उठाया गया है।*

### अन्य टाइगर रिजर्व में भी यही हो रहा है

*यह सिर्फ रणथंभौर तक सीमित नहीं – कॉर्बेट (उत्तराखंड), बांधवगढ़, ताडोबा आदि में भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मोबाइल बैन लागू हो रहा है. राजस्थान के बाकी तीन टाइगर रिजर्व (सरिस्का, मुकुंदरा हिल्स, रामगढ़ विषधारी) में भी जल्द लागू होगा। गाइडलाइंस का मुख्य उद्देश्य वन्यजीवों की सुरक्षा और जंगल की शांति बनाए रखने के लिए यह कड़ा कदम उठाया है।*

## खबर संक्षेप

### शबरीमला सोना 'चोरी' मामले में अभिनेता जयराम तलब



**कोच्चि।** प्रवर्तन निदेशालय ने शबरीमला सोना ''चोरी'' से जुड़ी धन शोधन जांच मामले में अभिनेता जयराम को पूछताछ के लिए बुलाया है। बताया जा रहा है कि अभिनेता और पोट्टी का एक साथ पूजा करते हुए वीडियो सामने आने के बाद एसआईटी ने जयराम से पूछताछ की थी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी इस मामले में कथित मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को भी समन भेजने की तैयारी कर रही है।

### मेघालय खदान विस्फोट में दो व्यक्ति गिरफ्तार



**शिलॉन्ग।** मेघालय पुलिस ने एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बृहस्पतिवार को इस विस्फोट में 18 लोगों की जान चली गई है। वहीं, मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने जोर देकर कहा है कि उनकी सरकार इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। पुलिस महानिदेशक आई. नोंगरांग ने कहा कि इन दो लोगों की गिरफ्तारी के अलावा घटना के संबंध में एक तीसरे व्यक्ति की भी पहचान की गई है जिसकी तलाश की जा रही है।

### असम में 14 करोड़ की ड्रग्स जब्त, एक गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि इस अभियान के दौरान "154 साबुन केस में छिपा कर रखी गई हेरोइन और 10,000 याबा टैबलेट" जब्त की गई है। याबा टैबलेट भारत में अवैध हैं, क्योंकि इनमें मादक पदार्थ होता है, जो नियंत्रित पदार्थ अधिनियम के तहत अनुसूची-दो में सूचीबद्ध पदार्थ है। यह कार्रवाई कछार पुलिस और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने तोलेनग्राम इलाके में की।

400 से अधिक ड्रोन और लगभग 40 मिसाइलों से मचा दी तबाही, चारों ओर धुंआ ही धुंआ

# ट्रंप बोले- जून तक खत्म करो युद्ध, उधर रूस ने यूक्रेन पर कर दिया भीषण हमला

एजेंसी ▶▶| कीव

*डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने रूस और यूक्रेन को युद्ध समाप्त करने के लिए जून की समय सीमा (डेडलाइन) तय करते हुए दबाव बनाया है। ट्रंप ने यह भी कहा कि इसके बाद भी दोनों देश तैयार नहीं होते हैं तो अमेरिका कुछ ठोस कदम उठाने विवश होगा।*

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कीव में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अमेरिका इस गर्मी की शुरुआत तक युद्ध को हर हाल में खत्म करने के पक्ष में है और इसके लिए दोनों पक्षों पर दबाव बनाया जा सकता है। हालांकि, इस डेडलाइन के बीच जमीन पर तनाव कम होता नहीं दिख रहा है। ट्रंप के इस बयान के बावजूद रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाते हुए रातों-रात 400 से अधिक ड्रोन और लगभग 40 मिसाइलें दागी हैं। हालांकि इस तनावपूर्ण माहौल के बीच राहत की एकमात्र खबर 157 युद्धबंदियों की अदला-बदली रही, जिसे अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने कूटनीतिक जीत बताया है।



### यूक्रेन के इन शहरों में हुआ भारी नुकसान

जेलेंस्की ने कहा कि वोलिन, इवानो-फ्रांकीव्स्क, लविव और रिव्ने क्षेत्रों में भी नुकसान के मामले सामने आए हैं, जहां रिव्ने में एक अपार्टमेंट भवन भी प्रभावित हुआ। वहीं, विनित्सिया क्षेत्र के लाडिज़िन शहर में ड्रोन हमले में एक सामान्य कॉलेज की प्रशासनिक इमारत को निशाना बनाया गया।

### अंतराष्ट्रीय समुदाय रूस पर दबाव बनाएं : जेलेंस्की

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे रूस के इस दोहरे रवैये पर प्रतिक्रिया दें, जहाँ एक तरफ बातचीत की मेज सजाई जा रही है और दूसरी तरफ कड़ाके की ठंड में आम लोगों की बिजली और गर्मी छीनी जा रही है। उन्होंने उन देशों पर जोर दिया जो त्रिपक्षीय बातचीत का समर्थन करते हैं, कि वे रूस की इस रणनीति पर सख्त प्रतिक्रिया दें।

### यूक्रेन पर रूस का सबसे घातक हमला

रूस ने यूक्रेन पर इस साल का अब तक सबसे घातक हमला किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के हमलों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि रूस ने बीती रात यूक्रेन पर 400 से अधिक ड्रोन और लगभग 40 मिसाइलें दागीं, जिनका मुख्य निशाना देश की एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर रहा। खासतौर से बिजली उत्पादन इकाइयों, एनर्जी ग्रिड और वितरण सब-स्टेशनों को भारी नुकसान पहुंचाया गया है।

### मदद देने वालों को यूक्रेन ने दिया धन्यवाद

जेलेंस्की ने सभी इंटरनेशनल पार्टनर्स का धन्यवाद किया जो यूक्रेन की स्थिति को समझते हुए मदद प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर एक शिपमेंट यूक्रेन को इस कठिन सर्दी से लड़ने में मदद करता है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस की बढ़ती सैन्य गतिविधियों पर चिंता जताते हुए यूए से कहा कि रूस के हमलों का जवाब देने उसे पैट्रियट सहित एयर डिफेंस सिस्टम के लिए अधिक मिसाइलों की जरूरत है।

### अगले सप्ताह होगी त्रिपक्षीय वार्ता

यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि इसी कड़ी में अगले सप्ताह अमेरिका के मियामी में त्रिपक्षीय वार्ता का अगला दौर आयोजित करने का प्रस्ताव दिया गया है, जिसमें शामिल होने के लिए यूक्रेन ने अपनी सहमति दे दी है। हाल ही में अबू धाबी में हुई वार्ताओं के बावजूद डोनबास क्षेत्र को लेकर दोनों देशों के बीच गतिरोध बरकरार है, क्योंकि यूक्रेन अपनी संवैधानिक सीमाओं और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता करने को तैयार नहीं है।

सावलकोट परियोजना को दी मंजूरी

# भारत का पाकिस्तान पर 'जल प्रहार' चेनाब पर बनेगा बांध



**काटे जाएंगे 2.22 लाख पेड़**

सावलकोट परियोजना में 847.17 हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग किए जाएगा। इसके लिए 2.22 लाख से अधिक पेडों को काटा जाएगा।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिंधु जल संधि रद्द करने के बाद भारत लगातार पाकिस्तान के पानी पर सख्ती करता जा रहा है। अब सरकार ने एक बड़े फैसले में जम्मू-कश्मीर में चेनाब नदी पर बनने वाली सावलकोट जलविद्युत परियोजना को मंजूरी दे दी है। नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन ने इस परियोजना के लिए कंपनियों से बोलियां आमंत्रित की हैं। सिंधु जल संधि रद्द होने के बाद ये केंद्र सरकार द्वारा मंजूर की गई पहली नई परियोजना है। रिपोर्ट के मुताबिक, दस्तावेजों में कहा गया है कि निर्माण पद्धति और उपकरणों का चयन इस उद्देश्य से किया गया है कि परियोजना जल्द पूरी हो सके। परियोजना को पूरा होने में 9 साल लग सकते हैं।

### जम्मू-कश्मीर में जलविद्युत परियोजनाओं में तेजी ला रहा भारत

सिंधु जल संधि रद्द होने के बाद भारत लगातार चेनाब और घाटी की दूसरी नदियों पर जलविद्युत परियोजनाओं में तेजी ला रहा है। सरकार ने पाकल दुल और किरू परियोजनाओं को इसी साल दिसंबर तक और क्वार परियोजना को मार्च 2028 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### क्या है सावलकोट जल विद्युत परियोजना

*सावलकोट परियोजना जम्मू-कश्मीर के रामबन, रियासी और उधमपुर जिलों में चेनाब नदी पर बननी वाली जलविद्युत परियोजना है। इसका निर्माण 2 चरणों में किया जाएगा, जो पूरी होने पर 1,856 मेगावाट बिजली पैदा करेगी। इस परियोजना की शुरुआत वर्ष 1984 में हुई थी। परियोजना में 192.5 मीटर ऊंचा बांध, एक अपस्ट्रीम छोटा जलमार्ग, एक भूमिगत बिजली घर और पानी को वापस लाने के लिए एक प्रणाली शामिल है। परियोजना की अनुमानित लागत 31,380 करोड़ रुपये है।*

# दलाई लामा की सफाई- यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से कभी नहीं मिला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने यौन अपराधी और तस्कर जेफ्री एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर सामने आई मीडिया रिपोर्ट्स पर चुप्पी तोड़ी है। दलाई लामा के कार्यालय ने कहा कि ये दावे झूठे और भ्रामक हैं और दलाई लामा ने कभी भी एपस्टीन से मुलाकात नहीं की। दरअसल, हाल ही में सामने आई एपस्टीन फाइल्स को लेकर दावा किया गया है कि इनमें दलाई लामा का कई बार जिक्र है।

कथित संबंधों पर तोड़ी चुप्पी



### दलाई लामा के कार्यालय ने जारी किया बयान

दलाई लामा के कार्यालय ने कहा, एपस्टीन फाइल्स से संबंधित कुछ हालिया मीडिया रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों में परम पावन 14वें दलाई लामा को जेफ्री एपस्टीन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। हम स्पष्ट रूप से पुष्टि करते हैं कि परम पावन ने कभी भी जेफ्री एपस्टीन से मुलाकात नहीं की है और न ही उन्होंने अपनी ओर से किसी को भी उनसे मिलने या बातचीत करने की अनुमति दी है।

### दावा- एपस्टीन फाइल्स में 169 बार जिक्र

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एपस्टीन से जुड़े ईमेल में दलाई लामा का नाम 169 बार आया है। कुछ ईमेल में कथित तौर पर अक्टूबर, 2012 की घटनाओं का जिक्र है, जिसमें यह संकेत है कि दलाई लामा के एपस्टीन से जुड़े एक समारोह में शामिल होने की उम्मीद थी। अलग-अलग रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि दलाई लामा के अनुयायी बताए जाने वाले व्यक्ति एपस्टीन के कार्यक्रमों में मौजूद हो सकते थे।

भोपाल में दो दिवसीय चीफ जस्टिस कॉन्फ्रेंस संपन्न, सभी मुख्य न्यायाधीशों में बनी सहमति

# न्यायिक निर्णय पूरी तरह न्यायाधीशों के 'विवेक' पर ही आधारित रहेंगे, एआई की कोई भूमिका नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी में आयोजित दो दिवसीय चीफ जस्टिस कॉन्फ्रेंस का रविवार को समापन हो गया। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत सहित देश के 25 राज्यों के हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शामिल हुए। दो दिनी मंथन में मुख्य न्यायाधीशों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि फैसलों में न्यायाधीश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की कोई भूमिका नहीं होगी, इसकी सिर्फ तकनीकी मदद ली जा सकती है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य न्यायपालिका को अधिक तेज, प्रभावी और जन-केंद्रित बनाने में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर मंथन करना रहा। भोपाल स्थित राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (एनजेए) में यह कॉन्फ्रेंस हुई। न्यायाधीशों ने इस बात पर सहमति जताई कि एआई का उपयोग मामलों की पेंडेंसी कम करने और प्रक्रियाओं को तेज करने में सहायक हो सकता है। हालांकि, यह भी स्पष्ट किया गया कि न्यायिक निर्णय पूरी तरह न्यायाधीशों के विवेक पर ही आधारित रहेंगे और फैसलों में एआई की कोई भूमिका नहीं होगी।

### एआई के उपयोग से न्याय प्रक्रिया को तेज करने पर हुआ गहन विमर्श

**अदालतों के कामकाज का नियमित मूल्यांकन जरूरी : सीजेआई**



प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि भारत जैसे बड़े और विविध देश में जन-केंद्रित न्याय व्यवस्था के लिए मामलों का त्वरित निपटारा बेहद जरूरी है। इस दिशा में सूचना एवं संचार तकनीक, डिजिटल उपकरण और एआई न्यायपालिका के काम को अधिक प्रभावी और तेज बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### परिजनों ने भोपाल की सुंदरता का अनुभव किया

शीर्ष न्यायाधीशों के परिजनों ने भोपाल और आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। परिजनों ने भीमबैठका की प्राचीन गुफाओं, भोजपुर स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर और ट्राइबल म्यूजियम सहित अन्य दर्शनीय स्थलों को देखा और भोपाल की प्राकृतिक व सांस्कृतिक सुंदरता का अनुभव किया।

सुप्रीम कोर्ट की तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अंतिम चेतावनी

# बीआरएस विधायकों की अयोग्यता पर 3 हफ्ते में करें फैसला, अन्यथा अवमानना की कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने को तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि वो भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने संबंधी शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के अंदर निर्णय लें। कोर्ट ने साफ किया है कि अगर इस समय सीमा का पालन नहीं किया गया, तो उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से मौखिक रूप से कहा कि इस मामले पर रील्स न बनाएं। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस ए.जी. मसीह की बेंच शुक्रवार को 31 जुलाई 2025 के अपने उस आदेश के अनुपालन की समीक्षा कर रही थी, जिसके तहत विधानसभा अध्यक्ष को कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय लेने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा निर्धारित अवधि में निर्णय न लेने के कारण कोर्ट में अवमानना याचिकाएं दायर की गई थीं।

**राज्य सरकार ने मांगा 3 सप्ताह का समय**

गौरतलब है कि 16 जनवरी को सुनवाई के दौरान सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी और मुकुल रोहतगी (तेलंगाना राज्य की ओर से) ने दो सप्ताह का समय मांगा था, जिसे कोर्ट ने यह उम्मीद जताते हुए मंजूर किया था कि कुछ प्रगति होगी। आज सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि एक मामले में फैसला हो चुका है, जबकि शेष दो मामलों में निर्णय आसन्न है और इसके लिए तीन सप्ताह का समय मांगा। उन्होंने यह भी कहा कि नगरपालिका चुनावों के कारण समय लगा और दूसरी ओर से भी समय मांगा गया था।



### याचिकाकर्ता ने किया विरोध

याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वकील ने फिर से समय दिए जाने का विरोध किया और कहा कि स्पीकर पहले ही तीन बार समय ले चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तथ्यों को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है और केवल एक ही सुनवाई क्यों हुई, यह सवाल उठाया। उनके अनुसार, कुछ मामलों में तथ्य निर्विवाद हैं- जैसे एक विधायक का कांग्रेस से लोकसभा चुनाव लड़ना/हारना और दूसरे मामले में विधायक की बेटी का कांग्रेस से जीतना-तो फिर निर्णय में देरी क्यों।

### 'कृपया इसे रील्स का विषय न बनाएं'

जस्टिस करोल ने कहा कि पिछली सुनवाई में स्पीकर ने तीन सप्ताह मांगे थे पर कोर्ट ने दो सप्ताह दिए थे ताकि प्रगति देखी जा सके। चूंकि एक निर्णय हो चुका है, इसलिए कुछ और समय देना उचित होगा। साथ ही कोर्ट ने स्पष्ट किया 'हम स्पीकर से अपेक्षा करते हैं कि वे सकारात्मक रूप से निर्णय लें, अन्यथा हम अवमानना की कार्यवाही करेंगे। आदेश सुनाने के बाद जस्टिस करोल ने याचिकाकर्ता से मौखिक रूप से कहा, 'कृपया इसे रील्स का विषय न बनाएं यह एक नया उद्योग बनता जा रहा है।

### क्या है मामला

दरअसल विधायक वेंकट राव तेल्लम, कादियम श्रीहरि और दानम नागेंद्र 2023 के विधानसभा चुनावों में बीआरएस के टिकट पर चुने गए थे, लेकिन बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए। स्पीकर द्वारा तीन महीने से अधिक समय तक निर्णय न लेने पर बीआरएस विधायक कुणा पांडु विवेकानंद, पाडी कौशिक रेड्डी और बीजेपी विधायक अल्लेटी महेश्वर रेड्डी ने तेलंगाना हाईकोर्ट का रुख किया।

### हाईकोर्ट ने दिया था ये फैसला

9 सितंबर 2024 को हाईकोर्ट की एकल बेंच ने स्पीकर को चार सप्ताह में सुनवाई का कार्यक्रम तय करने का निर्देश दिया था। नवंबर 2024 में डिवीजन बेंच ने यह आदेश रद्द करते हुए कहा कि स्पीकर को उचित समय में निर्णय लेना चाहिए। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे याचिकाकर्ताओं की अपील पर, जुलाई 2025 में शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट डिवीजन बेंच का आदेश रद्द कर स्पीकर को तीन महीने में निर्णय करने का निर्देश दिया था।

घातक हथियार व विस्फोटक भी बरामद

# अमृतसर सीमा के पास से 25 किलो हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| अमृतसर

सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में सीमा पार नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अमृतसर में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने हेरोइन और हथियारों के जखीरे के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि बीएसएफ ने पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में 25 किलो हेरोइन, 2 पिस्तौल और 60 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस दौरान अमृतसर ग्रामीण स्थित घोघा क्षेत्र के रहने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से एक उत्तर प्रदेश और अमृतसर का निवासी है। पुलिस ने दो अलग-अलग एनडीपीएस मामलों में 11 किलोग्राम हेरोइन (3 किलोग्राम + 8 किलोग्राम) की भारी खेप और 5.75 लाख रुपए ड्रग मनी बरामद की।



मौसम
अधि. 30.4
न्यून. 14.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 अफगानिस्तान का 25 मैचों का अजेय..

विचार पेज
02 भारत से कारोबार के लिए बेताब




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ऑटो पलटने से तीन बच्चों समेत 4 की मौत



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में ऑटोरिक्शा दुर्घटनाग्रस्त होने से एक परिवार के तीन बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। हादसा घने कोहरे के कारण हुआ। रसूलपुर गांव के निवासी ऑटोरिक्शा चालक इसराइल (30), ऊंचगांव गांव के तालिब (पांच), खुशबू (12) और अजरा (2) की मौत हो गई। घायलों की पहचान किस्मतून, सबिया, साकिया, अकील और निदा के रूप में हुई है।

### छापेमारी में 12 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

**मंदसौर।** मप्र के मंदसौर जिले में पुलिस ने मेफेड्रोन (एमडी) की अवैध दवा बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया और करीब 12 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ, रसायन व अन्य उपकरण जब्त किए। सुरजाना गांव के एक खेत में छापा मारा गया, जहां अवैध रूप से संचालित इकाई से 100 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स और इसके निर्माण में इस्तेमाल होने वाला रसायन जब्त किया गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 102 ग्राम एमडी ड्रग्स, 12.61 किलोग्राम रासायनिक मिश्रण, 3.54 किलोग्राम 'ट्रांसपेरेंट लिक्विड', दवा निर्माण में इस्तेमाल होने वाला 680 ग्राम सफेद रासायनिक पाउडर, एक गैस सिलेंडर और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

### नेपाली अभिनेता सुनील थापा का निधन



**नई दिल्ली।** नेपाल के जाने माने अभिनेता सुनील थापा का 68 साल की उम्र में निधन हो गया। थापा ने हिट सीरीज 'द फैमिली मैन' और फिल्म 'मेरी कॉम' में अभिनय किया था। थापा को राजधानी काठमांडू के थापाथली स्थित नॉर्विक अस्पताल में भर्ती कराया गया। शंखमूल स्थित अपने अपार्टमेंट में बेहोश पाए जाने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई और चिकित्सकों को संदेह है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था।

भागवत के दो बड़े बोल: सरसंघचालक बनने क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं

# ब्राह्मण ही नहीं, कोई भी हिंदू बन सकता है आरएसएस प्रमुख, संघ कहे तो छोड़ दूंगा पद

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि अगर संघ कहेगा तो वह तुरंत इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा कि वह 75 साल पूरा होने के बाद भी काम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि संघ ने उन्हें इसके लिए कहा है। संघ प्रमुख ने कहा कि सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं है। जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है, वही सरसंघचालक बनता है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आरएसएस शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के साथ एक संवादात्मक सत्र के दौरान संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, आरएसएस प्रमुख के पद के लिए कोई चुनाव नहीं होता। क्षेत्रीय और मंडल प्रमुख ही संघ प्रमुख की नियुक्ति करते हैं। आम तौर पर कहा जाता है कि 75 वर्ष की आयु के बाद किसी को कोई पद धारण किए बिना काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैंने 75 वर्ष पूरे कर लिए और मैंने आरएसएस को इसकी सूचना भी दे दी थी, लेकिन संगठन ने मुझसे काम जारी रखने को कहा। जब भी आरएसएस मुझसे पद छोड़ने को कहेगा, मैं पद छोड़ दूंगा लेकिन काम से सेवानिवृत्ति कभी नहीं होगी। भागवत ने कहा कि आरएसएस में समुदाय ▶▶|शेष पेज 5 पर

### भ्रष्टाचार के खिलाफ आरएसएस

भागवत ने कहा कि आरएसएस भ्रष्टाचार को उजागर करने में विश्वास रखता है और इसके खिलाफ लड़ने वाले किसी भी व्यक्ति का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, हमारे स्वयंसेवकों को भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वालों का समर्थन करने के लिए कहा गया है। आरएसएस भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कानूनों और विधानों के पक्ष में है और वह भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई का समर्थन करेगा।




### मुस्लिम समुदाय पर कही यह बात

विरोध के बावजूद मुस्लिम समुदायों में संघ के स्वयंसेवकों के काम के बारे में पूछे जाने पर भागवत ने कहा कि अगर दोनों पक्ष एक-दूसरे का विरोध करते हैं, तो केवल टकराव होगा और कोई काम नहीं हो सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि आरएसएस किसी जाति या समुदाय को निशाना नहीं बनाता बल्कि भौगोलिक आधार पर काम करता है।

### अंग्रेजी सीखें पर मातृभाषा न भूलें

भागवत ने कहा कि आरएसएस के कामकाज में अंग्रेजी कभी भी संचार का माध्यम नहीं होगी क्योंकि यह भारतीय भाषा नहीं है। उन्होंने कहा, हम भारतीयों के साथ काम करना चाहते हैं। जहां भी अंग्रेजी आवश्यक होगी, हम उसका उपयोग करेंगे। भागवत ने कहा, हमें अंग्रेजी में महारत हासिल करनी चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम अपनी मातृभाषा को भूल जाएं।

### भागवत के संबोधन की कुछ बड़ी बातें

- समान नागरिक संहिता सभी को विश्वास में लेकर बनाई जानी चाहिए और इससे समाज में मतभेद नहीं बढ़ने चाहिए।
- उम्मीद है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के हितों को ध्यान में रखकर किया गया होगा और देश को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।
- घुसपैठ के मुद्दे पर सरकार को बहुत काम करना है। पहचान कर निष्कासन की प्रक्रिया होनी चाहिए। यह पहले नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब धीरे-धीरे शुरू हुआ है और आगे बढ़ेगा।
- आरएसएस का काम प्रचार करना नहीं, बल्कि समाज में संस्कार विकसित करना है। जरूरत से ज्यादा प्रचार से दिखावा और फिर अहंकार आता है। प्रचार बारिश की तरह होना चाहिए। सही समय पर और सीमित मात्रा में।

ताकाइची की पार्टी को दो तिहाई बहुमत

## जापान में आयरन लेडी की ऐतिहासिक जीत

एजेंसी ▶▶| टोक्यो



जापान में रविवार को हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी नीत गठबंधन ने संसद में दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल किया है। जापानी मीडिया ने यह जानकारी दी। ताकाइची ने सरकारी टेलीविजन नेटवर्क एनएचके को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि ऐतिहासिक जीत के बाद अब वह अपनी नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। एनएचके ने मतगणना परिणामों का हवाला देते हुए बताया कि रविवार देर रात तक ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने अकेले 316 सीटें हासिल कर ली थीं, जिससे उसे संसद के 465 सदस्यीय निचले सदन में बहुमत मिल गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

इस बड़ी जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर सानाए ताकाइची को बधाई दी। उन्होंने लिखा, प्रतिनिधि सभा के चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए सानाए ताकाइची को बधाई। हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, मुझे विश्वास है कि आपके सक्षम नेतृत्व में भारत-जापान की दोस्ती नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी।

एक साल नहीं, 2047 का रोडमैप है केंद्रीय बजट

# रायपुर एयरपोर्ट कृषि उड़ान योजना में शामिल राज्य में हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार भी

केंद्रीय मंत्री खट्टर बोले - बजट से छत्तीसगढ़ को हवाई, रेलवे, सड़क और कनेक्टिविटी की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय बजट 2026-27 की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा, यह बजट सिर्फ एक वर्ष का दस्तावेज नहीं, बल्कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के स्पष्ट विजन के साथ प्रस्तुत किया गया है। बजट में छत्तीसगढ़ के लिए रेलवे, सड़क, हवाई कनेक्टिविटी, कृषि, उद्योग और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं। छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान न्यू सर्किट हाउस रायपुर में संवाददाताओं से चर्चा में मंत्री मनोहर लाल ▶▶|शेष पेज 5 पर

### कृषि, उद्योग और आत्मनिर्भर भारत पर फोकस

मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कृषि को बढ़ावा देने के लिए अमृत सरोवर योजना के तहत मछली पालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। देश में सेमीकंडक्टर निर्माण को विशेष बढ़ावा दिया जाएगा, साथ ही बड़े औद्योगिक उपकरणों और मशीनरी का निर्माण देश के भीतर ही करने का लक्ष्य रखा गया है। महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना के तहत स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं।

### सड़क और हाईवे नेटवर्क का व्यापक विस्तार

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्ष 2014 के बाद से छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास को प्राथमिकता दी गई है। अब तक 3,400 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। भारतमाला परियोजना के तहत राज्य में कनेक्टिविटी सुधारने के लिए 571 किलोमीटर से अधिक के नेशनल हाईवे कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है, जिससे औद्योगिक और ग्रामीण क्षेत्रों को नई रफ्तार मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अब जर्मनी को पीछे छोड़ने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। दुनिया के 4-5 प्रमुख देशों में भारत का नाम मजबूती से लिया जा रहा है, जो मजबूत आर्थिक नीतियों का परिणाम है।




35 लाख से अधिक पन्नों के दस्तावेज से हो रहे खुलासे

# एपस्टीन ने लड़कियों को जाल में फंसाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी न्याय विभाग ने हाल ही में एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट के तहत 35 लाख से अधिक पन्नों के दस्तावेज, ईमेल, पुलिस रिपोर्ट्स, तस्वीरें और वीडियो जारी किए हैं, जिसमें जेफरी एपस्टीन और घिसलेन मैक्सवेल के शोषण नेटवर्क के कई चौंकाने वाले राज सामने आए हैं। एपस्टीन फाइल्स जारी होने के बाद से ही दुनिया भर में हड़कंप मचा हुआ है। अमेरिकी न्याय विभाग ने हाल ही में एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट के तहत 35 लाख ▶▶|शेष पेज 5 पर



### 1000 से अधिक महिलाओं का शोषण

जेन की यह कहानी अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी की गई 35 लाख पन्नों की फाइलों में दर्ज सैकड़ों कहानियों में से सिर्फ एक है। इन फाइलों में ईमेल, पुलिस रिपोर्ट, तस्वीरें और पीड़ितों के बयान शामिल हैं। अमेरिकी न्याय विभाग का अनुमान है कि एपस्टीन ने 1000 से अधिक महिलाओं का यौन शोषण किया, जिनमें से ज्यादातर के नाम गुप्त रखे गए हैं।

### पुतिन से मिलने को बेताब था एपस्टीन

पता चला है कि जेफरी की रूस में बेइंतहा दिलचस्पी थी और वह रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मिलना चाहता था। एपस्टीन ने 24 जून 2018 को नॉर्वे के नेता थोर्ब्योन जागलैंड को ईमेल किया। वह उस समय यूरोप काउंसिल के सेक्रेटरी जनरल थे। इस ईमेल में एपस्टीन ने कहा कि मुझे लगता है कि आपको पुतिन को सुझाव देना चाहिए कि लावरोव मुझसे बात करें। इससे फायदा होगा।

## चिंतन

# ट्रेड डील में किसानों और घरेलू उद्योगों के हित सुरक्षित

भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (ट्रेड डील) ने देश में कृषि और घरेलू उद्योग के लिए राहत दी है। इस ऐतिहासिक समझौते में भारतीय किसानों की प्रमुख फसलें, डेयरी उत्पाद और पोल्ट्री पूरी तरह सुरक्षित रहे। गेहूं, चावल, तिलहन, आलू, मसाले, मक्का, सोयाबीन, आटा और एथनॉल जैसे महत्वपूर्ण उत्पाद समझौते के दायरे से बाहर रखे गए हैं। इसके साथ ही पोल्ट्री और चिकन का आयात भी प्रतिबंधित किया है, जिससे घरेलू पोल्ट्री उद्योग को कोई नुकसान नहीं होगा। विशेषज्ञों के अनुसार यह समझौता एक प्रकार का 'लेबर ऑफ लव' है यानि एक ऐसा प्रयास, जो रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ दिल से और पूरी मेहनत से किया गया है। इसमें किसी तरह की मजबूरी नहीं थी। इस दृष्टिकोण ने यह सुनिश्चित किया कि भारत ने अपने किसानों और घरेलू उद्योगों के हितों से कोई समझौता नहीं किया। सबसे बड़ी सफलता यह है कि समझौते में भारतीय किसानों की मुख्य फसलें और डेयरी उद्योग पूरी तरह सुरक्षित रहे। अमेरिका की ओर से एथनॉल और पोल्ट्री को शामिल करने का दबाव था, लेकिन भारत ने अपने किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इनका समावेश नहीं किया। यह ध्यान देने योग्य है कि अमेरिका से आने वाली मक्का और सोयाबीन जेनिटिकली मोडिफाइड हैं, जिन्हें भारत में अनुमति नहीं है। यदि पोल्ट्री और चिकन को भारत में आयात करने की अनुमति मिलती, तो घरेलू उद्योगों और किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता था। साथ ही, चाय, नारियल (खोपरा) और दक्षिण भारत के अन्य किसानों से जुड़े उत्पादों को भी समझौते से बाहर रखा गया। तंबाकू को भी शामिल नहीं किया गया। यह दर्शाता है कि भारत ने अपनी कृषि और घरेलू उद्योग की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस ट्रेड डील का महत्व केवल किसानों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है। यह भारत की दीर्घकालिक रणनीति और ऊर्जा सुरक्षा को भी ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के बावजूद भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक खरीद नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। गोयल ने कहा कि अमेरिका से अब 500 अरब डॉलर से अधिक मूल्य का सामान खरीदना आसान होगा, जिससे भारत वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त कर सकेगा। इस ट्रेड डील की तुलना पहले हुए ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और यूरोपीय यूनियन के व्यापार समझौतों से की जा सकती है। इनमें भी किसी देश को भारतीय कृषि और डेयरी से जुड़े उत्पाद निर्यात करने की अनुमति नहीं दी गई। अमेरिका को केवल पिस्ता, काजू, बादाम और कुछ फलों का निर्यात करने की अनुमति मिली है, जिसका आम किसानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अमेरिका कृषि और पोल्ट्री में दुनिया का बड़ा उत्पादक है। यदि इनका आयात भारत में खुल जाता, तो घरेलू उद्योग और किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता था। इसे ध्यान में रखते हुए भारत ने स्पष्ट रूप से सीमा तय की और किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। मार्च तक समझौते पर अंतिम हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता संतुलित, रणनीतिक और किसानों के हित में किया गया एक कदम है। यह समझौता न केवल व्यापार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

भारत का तेजी से बढ़ता मजबूत बुनियादी ढांचा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) की रफ्तार, ऊर्जा विकास ,नई पीढ़ी की शक्ति, डिजिटल विकास व मैन्युफैक्चरिंग सहित सर्विस सेक्टर की ताकत की वजह से दुनिया के लिए भारत उद्योग-कारोबार और चमकीले बाजार के दृष्टिकोण से आकर्षक देश बन गया है। हाल ही में भारत के अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ हुए व्यापार समझौते भारत के युवाओं और एमएसएमई के लिए अपार अवसरों के द्वार खोलेंगे। गौरतलब है कि 2 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते ने आकार लिया है।

# भारत से कारोबार के लिए बेताब दुनिया

यकीनन इस समय दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत से व्यापार समझौते के लिए आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में 5 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए कहा कि इस समय दुनिया में आकार ले रही नई विश्व व्यवस्था भारत की ओर झुकी हुई है। पहले अधिकांश अंतरराष्ट्रीय आर्थिक-व्यापारिक टिप्पणियों में कहा जाता था कि भारत ने मौका गंवा दिया, लेकिन अब दुनिया भर के देशों का मानना है कि अगर वे आर्थिक रूप से तेजी से बढ़ते हुए भारत के साथ नहीं जुड़ पाए तो वे महत्वपूर्ण मौका गंवा देंगे।

भारत का तेजी से बढ़ता मजबूत बुनियादी ढांचा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) की रफ्तार, ऊर्जा विकास ,नई पीढ़ी की शक्ति, डिजिटल विकास व मैन्युफैक्चरिंग सहित सर्विस सेक्टर की ताकत की वजह से दुनिया के लिए भारत उद्योग- कारोबार और चमकीले बाजार के दृष्टिकोण से आकर्षक देश बन गया है। हाल ही में भारत के अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ हुए व्यापार समझौते सहित अन्य व्यापार समझौते भारत के युवाओं और एमएसएमई के लिए अपार अवसरों के द्वार खोलेंगे। गौरतलब है कि 2 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते ने आकार लिया है। इस समझौते से जहां कई क्षेत्रों में भारत से अमेरिका को निर्यात बढ़ेंगे, वहीं भारत में निवेश भी बढ़ेंगे। इस समझौते से दुनिया के लिए मेक इन इंडिया, डिजाइन इन इंडिया और इनोवेट इन इंडिया का अभियान तेजी से आगे बढ़ेगा। इस अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका के द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी किया गया है और रूस से तेल खरीदी के मद्देनजर दंडात्मक रूप में भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ को हटा दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले माह 27 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित भारत ईयू के शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ऊर्सला वान डेर लायन की उपस्थिति में भारत-ईयू के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का ऐलान किया गया। इस एफटीए पर आधिकारिक हस्ताक्षर लगभग छह महीने बाद होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह एफटीए दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का शानदार उदाहरण है और भारत के लिए अत्यधिक लाभप्रद है। ऊर्सला ने इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी (मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स) कहते हुए यह रेखांकित किया कि दुनिया के वर्तमान 'ग्रोथ सेंटर' और इस सदी के आर्थिक पावर हाउस भारत के साथ यह एफटीए यूरोप को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते आर्थिक क्षेत्रों में पहली बढ़त दिलाएगा। साथ ही यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम-चेंजर साबित होने वाला एफटीए होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस एफटीए से दो अरब लोगों का एक साझा बाजार तैयार होगा और यह संयुक्त बाजार वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करेगा। निश्चित रूप से इस एफटीए ने अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे टैरिफ के बीच भारत और



ईयू को नई रणनीतिक गोलबंदी के साथ व्यापारिक संबंधों को नई दिशा दी है। गौरतलब है कि भारत-ईयू एफटीए के लिए बातचीत 2007 में शुरू हुई थी, लेकिन 2013 में यह वार्ता रुक गई। जून 2022 में वार्ता फिर से शुरू की गई थी, जो अब अंजाम तक पहुंची है। यह बात महत्वपूर्ण है कि यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। भारत और यूरोपीय संघ एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि साझेदार हैं, क्योंकि दोनों मूल्य श्रृंखला के अलग-अलग स्तरों पर काम करते हैं। भारत प्रमुखतया श्रम-प्रधान और प्रसंस्करण आधारित वस्तुओं का निर्यात करता है, जबकि यूरोपीय संघ प्रमुखतया पूंजीगत वस्तुओं, उन्नत प्रौद्योगिकी और औद्योगिक उत्पादों की आपूर्ति करता है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और 27 देशों के संगठन ईयू के बीच वस्तुओं और सेवाओं में कुल व्यापार 190 अरब डॉलर से अधिक का रहा है। पिछले वित्त वर्ष में दोनों के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 136.53 अरब डॉलर रहा। इसमें भारत का निर्यात 75.85 अरब डॉलर और आयात 60.68 अरब डॉलर था। इसके अलावा, यूरोपीय संघ भारत में एक बड़ा निवेशक भी है, जिसका अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक संचयी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करीब 117.4 अरब डॉलर रहा है। यदि हम भारत-ईयू एफटीए को देखें तो पाते हैं कि इससे भारत और यूरोपीय संघ के छात्रों, मौसमी कामगारों, शोधकर्ताओं और उच्च कुशल पेशेवरों की आवाजाही को सुगम बनाने, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक गतिशील ढांचे को आकार मिला है। यह एफटीए भारत-ईयू व्यापार के लिए महज एक व्यापार का रणनीतिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि आर्थिक पुनर्व्यवस्था के रूप में भारत और ईयू दोनों के लिए व्यापारिक जोखिम को पुनर्संतुलित करने और बदलते वैश्विक व्यापार वातावरण में आगे बढ़ने का अवसर देने वाला चमकीला दस्तावेज है। इस एफटीए के तहत दोनों पक्ष आपसी व्यापार वाली 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर आयात शुल्क शुरुआत से ही कम या समाप्त कर देंगे, जबकि कुछ अन्य वस्तुओं पर इसे आगामी वर्षों में चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा।

यह एफटीए व्यापार, निवेश, स्वच्छ और हरित ऊर्जा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और रक्षा, डिजिटल पहलों, कनेक्टिविटी, अंतरिक्ष और कृषि के क्षेत्रों में आपसी प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह वस्तुओं, सेवाओं के व्यापार और नियमों पर केंद्रित है,लेकिन निवेश संरक्षण और जीआई जैसे मुद्दे अलग से सुलझाए जाएंगे। निसंदेह विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग भारत-ईयू एफटीए का एक मुख्य स्तंभ है और इससे सहयोगी अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्मार्ट ग्रिड, जल, टीके, आईसीटी, ध्रुवीय विज्ञान और यूरोपीय अनुसंधान परिषद के साथ काम करने वाले युवा वैज्ञानिकों की गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में नया सहयोग मिलेगा। अंतरिक्ष सहयोग भारत-ईयू एफटीए का एक महत्वपूर्ण आयाम है, जो दशकों के तकनीकी सहयोग और बढ़ते संस्थागत जुड़ाव पर आधारित है। ईयू के अलावा अन्य देशों के साथ भारत के एफटीए भारत की आर्थिक तस्वीर को नया रूप देंगे। अब भारत के द्वारा विभिन्न देशों के साथ एफटीए के अधिकतम लाभ उठाने के लिए घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने, एफटीए के लिए जागरूकता बढ़ाने, गैर-टैरिफ बाधाएं दूर करने, सेवा क्षेत्र का लाभ उठाने, निर्यात में विविधता लाने, कृषि और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा करने, व्यापार संतुलन को भारत के पक्ष में लाना होगा। उम्मीद करें कि अमेरिका, ईयू और अन्य देशों के साथ भारत के व्यापार समझौते भारतीय अर्थव्यवस्था को रफ्तार देंगे और भारत विकसित देश बनने की डगर पर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जानकी जयंती

श्वेता गोयल




# आधुनिक युग में माता सीता की प्रासंगिकता और नारी सम्मान

भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म की समृद्ध आध्यात्मिक चेतना में माता सीता केवल एक पौराणिक चरित्र नहीं बल्कि त्याग, समर्पण, धैर्य, करुणा, असीम पवित्रता और नारी मर्यादा की ऐसी जीवंत प्रतिमूर्ति हैं, जो युगों-युगों से नारी शक्ति को परिभाषित करती आई हैं। उनका जीवन हमें यही सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियां चाहे कितनी ही कठोर क्यों न हों, यदि मन में धर्म, संयम और आत्मविश्वास अडिग हो तो जीवन की हर अग्निपरीक्षा सार्थक बन जाती है। प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाने वाली जानकी जयंती, जिसे सीता अष्टमी के नाम से भी जाना जाता है, इसी आदर्श जीवन दर्शन का उत्सव है। यह पर्व माता सीता के पृथ्वी पर प्राकट्य का स्मरण कराता है और नारी शक्ति के उस स्वरूप को प्रणाम करता है, जिसने प्रेम, सहनशीलता और मर्यादा को जीवन का आधार बनाया। इस वर्ष जानकी जयंती 9 फरवरी को मनाई जा रही है। उदया तिथि की मान्यता के अनुसार, 9 फरवरी को ही व्रत, पूजन और साधना करना शास्त्र सम्मत और श्रेष्ठ माना गया है। माता सीता के प्राकट्य की कथा भारतीय परंपरा की सबसे दिव्य और अर्थपूर्ण कथाओं में से एक है। रामायण के अनुसार मिथिला में एक समय भयंकर अकाल पड़ा था। ऋषियों के परामर्श पर मिथिला के राजा जनक ने स्वयं हल चलाने का संकल्प लिया, जिससे धरती माता प्रसन्न हों और वर्षा हो। जब राजा जनक खेत जोत रहे थे, तब हल का अग्र भाग, जिसे 'सीत' कहा जाता है, धरती में गड़े एक स्वर्ण कलश से टकराया। उस कलश से एक दिव्य, तेजस्वी और अनुपम सौंदर्य से युक्त कन्या प्रकट हुई। निःसंतान राजा जनक ने उस कन्या को ईश्वर का प्रसाद मानकर स्वीकार किया। हल के अग्र भाग से उत्पन्न होने के कारण उनका नाम सीता पड़ा, राजा जनक की पुत्री होने के कारण वे जानकी कहलाई और धरती से जन्म लेने के कारण उन्हें भूमिजा कहा गया। इस प्रकार माता सीता का जन्म स्वयं प्रकृति और धर्म के मिलन का प्रतीक बन गया। माता सीता का संपूर्ण जीवन त्याग और धैर्य की जीवंत मिसाल है। राजमहल की सुख-सुविधाओं को त्यागकर उन्होंने वनवास स्वीकार किया; अपहरण, अकेलापन, लोकापवाद और कठिन परीक्षाओं को सहन किया, फिर भी अपने चरित्र, आत्मसम्मान और धर्म से कभी विचलित नहीं हुई। वे केवल भगवान राम की अर्धांगिनी नहीं बल्कि उनके धर्मपथ की सहचरी और नैतिक भी शक्ति थी। जानकी जयंती का पर्व इसी स्त्री शक्ति, आत्मबल और मर्यादा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है।

धार्मिक दृष्टि से जानकी जयंती का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन माता सीता और भगवान राम की संयुक्त पूजा करने से दांपत्य जीवन में प्रेम, विश्वास और सामंजस्य बढ़ता है। विवाहित महिलाएं इस दिन व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। कुंवारी कन्याओं के लिए यह पर्व विशेष रूप से फलदायी माना गया है क्योंकि माता सीता को आदर्श पत्नी और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि श्रद्धा और नियमपूर्वक किए गए व्रत से योग्य और मनचाहा वर प्राप्त होता है। माता सीता को लक्ष्मी स्वरूप भी माना गया है। उनके पूजन से घर में सुख-समृद्धि, धन-धान्य और स्थायित्व का वास होता है। यह पर्व समाज को संदेश देता है कि स्त्री केवल सहनशील नहीं बल्कि सृजन, संतुलन और शक्ति का मूल आधार है। ज्योतिषीय दृष्टि से भी जानकी जयंती का विशेष महत्व माना गया है। माघ-फाल्गुन संधिकाल में आने वाली इस अष्टमी तिथि पर चंद्रमा और शुक्र ग्रह का प्रभाव प्रेम, सौंदर्य और वैवाहिक सुख को प्रबल करता है। कुछ मान्यताओं में माता सीता को शनि तत्व से भी जोड़ा जाता है, क्योंकि उनका जीवन तपस्या, धैर्य और कर्म का प्रतीक है। इस दिन व्रत और साधना करने से शनि दोष की शांति और मानसिक दृढ़ता प्राप्त होने की आस्था है। जानकी जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि नारी सम्मान, आत्मबल और धर्मनिष्ठ जीवन का उत्सव है, जो हमें स्मरण कराता है कि सच्ची शक्ति बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि आंतरिक धैर्य और सत्य के पालन में निहित है। यदि हम माता सीता के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं तो जीवन की कठिन से कठिन राह भी सहज और अर्थपूर्ण बन सकती है। जिस प्रकार सीता ने राजसी सुखों का त्याग कर वनवास स्वीकार किया और रावण की अशोक वाटिका में रहकर भी अपने सतीत्व और धैर्य को अडिग रखा, वह हर मनुष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ है। आज के आधुनिक युग में, जहां रिश्तों में संवेदनशीलता कम हो रही है और मानसिक तनाव बढ़ रहा है, जानकी जयंती जैसे पर्व हमें ठहरकर सोचने और आत्म-निरीक्षण करने का अवसर देते हैं।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित
**दर्शन**

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

## चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था शाप



संकलित
**प्रेरणा**

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### उपकरणों का सावधानी से प्रयोग करना जरूरी

विज्ञान ने हमें हर मौसम से बचने के लिए बहुत सी चीजें दी हैं। लेकिन अगर हम इनका सावधानी से प्रयोग न करें तो यह हमारे लिए कभी भी हानिकारक बन सकती हैं और अक्सर खबरें भी पढ़ने और सुनने को मिलती हैं कि इन चीजों के प्रयोग करते समय कोई हादसा हो गया। सर्दियों में गैस गीजर, कोयले की अंगीठी और अन्य गर्मी प्रदान करने वाले उपकरण लोगों की जान के दुश्मन भी बन जाते हैं। सर्दियों के मौसम में नहाने के लिए लोग गैस से चलने वाले गीजर का भी प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन इसके प्रयोग में जरा सी भी असावधानी किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। गैस गीजर को बाथरूम में लगाने के साथ-साथ एक खिडक़ी जरूर रखें। लोगों को चाहिए कि जहां गैस गीजर लगा हो वहां हवा बाहर निकलने के लिए जगह होनी चाहिए अर्थात एडजोस्ट फैन बाथरूम में होना चाहिए।

*- महेश काले, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बस्तर की सुंदरता



बस्तर की सुंदरता को देखकर लगता है कि मां दंतेश्वरी ने स्वयं इसे अपने हाथों से सजाया है। जब इस रती में किसान बीज छिड़कते हैं, तब यह पंडुम होता है। आम का मौसम आता है, तब यह पंडुम होता है। लोग जीवन को उत्सव के रूप में जीते हैं।

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### चिचाकी रेलवे स्टेशन



चिचाकी रेलवे स्टेशन को अब महत्वपूर्ण ट्रेनों से जोड़ा गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिली है। मेरा निरंतर प्रयास है कि आने वाले समय में और अधिक ट्रेनों का ठहराव चिचाकी रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र की कनेक्टिविटी और सुदृढ़ हो सके।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### 500 ईवी बसें शुरू



दिल्ली, इलेक्ट्रिक वाहनों की सबसे अधिक संख्या वाला पहला राज्य बन गया है, जिससे प्रदूषण नियंत्रण में प्रभावी प्रगति हो रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा 500 ईवी बसों और दिल्ली-पानीपत अंतरराज्यीय बस सेवा का शुभारंभ।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### ट्रंप के सामने घुटने टेके



सच्चाई तो ये है कि पिछले कुछ दिनों से मोदी जी परेशान हैं, क्योंकि एपस्टीन फाइलें में मोदी जी से जुड़ी बातें सामने आ गई हैं। जिसके बाद मोदी जी ने ट्रंप के सामने घुटने टेक दिए और ट्रेड डील कर दी। देश के अन्नदाता, किसानों को बलि चढ़ा दिया।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# किम पेश कर सकते हैं पांच वर्षों की रणनीति



उत्तर कोरिया इस महीने के अंत में एक बड़ा पार्टी सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है, जिसमें नेता किम जोंग उन अगले पांच वर्षों के लिए देश की घरेलू और विदेश नीति की रूपरेखा पेश कर सकते हैं। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। सत्तारूढ़ 'वर्कर्स पार्टी' का यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब उत्तर कोरिया ने हाल के वर्षों में अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम तेज किए हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस के साथ उसके रिश्ते और गहरे हुए हैं, लेकिन इससे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ उसका तनाव भी बढ़ गया है। इस तरह का सम्मेलन इससे पहले किम ने वर्ष 2016 और 2021 में आयोजित किया था। उत्तर कोरिया की 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने खबर में बताया कि किम जोंग उन की अध्यक्षता में पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो की बैठक हुई, जिसमें फैसला लिया गया कि सम्मेलन फरवरी के अंत में आयोजित किया जाएगा। हालांकि, सरकारी मीडिया ने अभी इसकी तारीख या एजेंडा का खुलासा नहीं किया है। यह सम्मेलन कई दिनों तक चल सकता है। हाल के हफ्तों में किम ने हथियारों के परीक्षणों की निगरानी की है और सैन्य ठिकानों तथा आर्थिक परियोजनाओं का दौरा किया है।

## ऑफ बीट

# जीवाश्मीकृत उल्टी से पुराने शिकारी के आहार का पता चला



यह जीवाश्म हड्डियों के एक सघन समूह के रूप में है। ब्रॉमाकर स्थल पर इससे पहले इस तरह का हड्डियों का जमाव कभी नहीं मिला था, जिससे संकेत मिलता है कि इन अवशेषों को किसी शिकारी ने निगला था और बाद में या तो मल के रूप में या फिर उगलकर बाहर निकाला था। कोप्रोलाइट (जीवाश्मीकृत मल) के मामलों में हड्डियों के अवशेष आम तौर पर कार्बनिक मूल की एक स्पष्ट तलछटी संरचना (मल पदार्थ) के भीतर संरक्षित पाए जाते हैं, जो फॉस्फोरस से समृद्ध होती है और हड्डियों के पाचन से जुड़ी जीवाणु गतिविधि का परिणाम होती है। हालांकि, इस नमूने में हड्डियों के अवशेष ऐसी किसी संरचना से घिरे हुए नहीं हैं। माइक्रो-एक्सआरएफ (एक्स-रे फ्लोरेसेंस स्पेक्ट्रोमेट्री) के जरिए किए गए रासायनिक विश्लेषण में इस मैट्रिक्स में फॉस्फोरस की लगभग अनुपस्थिति की पुष्टि हुई। फॉस्फोरस की यह कमी रीगर्जिटालाइट (जीवाश्मीकृत उल्टी) की एक विशिष्ट विशेषता मानी जाती है, जबकि कोप्रोलाइट में पाचन की अधिक अवधि के कारण फॉस्फोरस की मात्रा काफी अधिक होती है। हमने इस जीवाश्म का त्रि-आयामी (सीटी स्कैन) परीक्षण भी किया।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

New Dr. Juneja's Roop Mantra®
Ayurvedic Face Cream & Face Washes
Goodness of 12 herbs for Skin care
Helpful in protection from: Scars • Wrinkles • Pimples • Dull Skin

रूप मंत्रा आयुर्वेदिक क्रीम में मौजूद ऐलोवेरा, तुलसी, द्राक्षा, हरिद्रा, चंदन, बादाम इत्यादि जड़ी बूटियाँ चेहरे पर नमी सुरक्षित रख एक ट्रीटमेंट की तरह कार्य करती हैं। इसके पोषक एवं एंटी-ऑक्सीडेंट गुण चेहरे की त्वचा को युवा रखने में सहायता करते हैं। यह रूखी/ बेजान त्वचा, झुर्रियाँ, आंखों के नीचे काले घेरे, खिंचाव के निशान इत्यादि के प्रबंधन में विशेष सहायक है।
24x7 Helpline: 87259 66666 • www.roopmantra.com
Available at all medical & general stores
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.

## डेढ़ महीने में जा चुकी 3 शेरों की जान

# कुएं में गिरा ढाई साल का शेर, डूबने से हुई मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात के अमरेली जिले में करी ढाई साल का शेर एक कुएं में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। बाद में पोस्टमार्टम के लिए एनिमल केयर सेंटर भेजा गया। शेरों के लिए सुरक्षित माने जाने वाले इस इलाके में हो रही ऐसी घटनाओं से वन्यजीव प्रेमियों में नाराजगी है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना लिलिया तालुका के कानकोट गांव के पास शेत्रुंजी नदी किनारे की है। जांच में सामने आया है कि शेर संभवतः खेलते समय या पानी की तलाश में कुएं के पास पहुंचा और संतुलन बिगड़ने से अंदर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में शिकार का पीछा करने या किसी तरह के संघर्ष के संकेत नहीं मिले हैं। लिलिया फॉरेस्ट रेंज के आरएफओ भरत गलानी के अनुसार, यह एक दुर्घटना का मामला लग रहा है, जिसमें शेर का बच्चा खेलते समय कुएं में गिर गया। हालांकि विभाग ने पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कुएं के आसपास सुरक्षा इंतजाम क्यों नहीं थे।

## अमेरिका से व्यापार समझौते पर बोले पीयूष गोयल

# भारत 5 साल में यूएस से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने में 'सक्षम'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत व्यापार समझौतों में ताकत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने हालिया अमेरिकी व्यापार समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि भारत अगले पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीद सकता है, जो अभी वह दुनिया के अन्य देशों से लेता है। उन्होंने इसे बहुत ही सुरक्षित बताया, क्योंकि उनका मानना है कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था अगले पांच साल में लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर की मांग पैदा करेगी।

भारत अगले पांच साल में ऊर्जा उत्पाद, विमान और पाट्र्स, कीमती धातु, तकनीकी उत्पाद और कोकिंग कोयला अमेरिका से खरीदने का इरादा रखता है। किसानों की आय पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि अमेरिकी बाजार किसानों को अधिक मूल्य देगा और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि भारत-अमेरिका के व्यापार समझौतों से किसानों को नई निर्यात संभावनाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें बेहतर दाम और लाभ मिलेगा।

» *अमेरिकी बाजार किसानों को अधिक मूल्य देगा और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगा*

» *किसानों को नई निर्यात संभावनाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें बेहतर दाम और लाभ मिलेगा*

### भारत बनेगा 30-25 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था


केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

उन्होंने कहा कि आज हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन 2047 तक यह बढ़कर 30-35 ट्रिलियन डॉलर होगी, जब हम एक विकसित अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। यही भारत का आत्मविश्वास है। इस वृद्धि का अवसर हम अपने व्यापारिक साझेदारों को पेश कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि भारत पहले ही कृषि और मत्स्य उत्पादों का 55 अरब डॉलर का निर्यात कर रहा है। गोयल ने बताया कि भारत पहले ही विमानों और इंजन के लिए 50 अरब डॉलर के ऑर्डर दे चुका है और अब अगले पांच साल में हवाई नौका क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से अधिक की आवश्यकता होगी। इसके अलावा तेल, एलएनजी, एलपीजी और कच्चा तेल भी अमेरिका से आयात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्टील उद्योग की तेज बढ़ती मांग के कारण भारत को वर्षाना 30 अरब डॉलर के कोकिंग कोयले की जरूरत होगी। यह सामान पहले भी आयात किया जा रहा है और कुछ नया नहीं है।गोयल ने कहा कि बड़े टेक्नोलॉजी फर्म भारत में निवेश कर रहे हैं और देश में 10 गीगावाट डेटा सेंटर बनने वाले हैं। इसके लिए आवश्यक उपकरण अमेरिका से उपलब्ध कराए जा सकते हैं। इसके अलावा एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और उच्च गुणवत्ता वाले मशीनरी की जरूरत भी अमेरिका पूरा कर सकता है।

### भारत के संवेदनशील उत्पादों पर कोई रियायत नहीं

गोयल ने संयुक्त किसान मोर्चा और उसके अलग हुए गुट द्वारा राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन की योजना के विरोध में लगाए जा रहे आरोपों का खंडन करते हुए कहा, हमने भारत के संवेदनशील उत्पादों में शामिल सोयाबीन, मक्का, मुर्गी पालन, अनाज, चीनी, फल, दाल, तिलहन, पशु आहार, गैर-मादक पेय पदार्थ, आटा, स्टार्च, आवश्यक तेल, ईंधन इथेनॉल या तंबाकू पर अमेरिका को कोई रियायत नहीं दी है और न ही कोई छूट दी है।

### गोयल ने समझौते को बताया 'लेबर ऑफ लव'

गोयल ने कहा, यह समझौता 'लेबर ऑफ लव' है, जिसका अर्थ है ऐसा कार्य जो पूरे दिल और कड़ी मेहनत से किया जाए, जिसमें किसी प्रकार की कोई मजबूरी न हो। उन्होंने बताया कि यह समझौता भारत-अमेरिका के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी को और अधिक सशक्त करेगा। यह बातचीत और मोलभाव की प्रक्रिया के बाद निकला एक अच्छा समझौता है, जो दोनों देशों के हितों और उनकी ताकत वाले क्षेत्रों में नए अवसर पैदा करेगा।

### भारत-अमेरिका के बीच लगातार बढ़ रहा विश्वास

गोयल ने भारत और अमेरिका या दोनों देशों के नेताओं के बीच किसी भी तरह की भरोसे की कमी को खारिज करते हुए कहा कि दोनों देश आपसी विश्वास और सहयोग से लगातार आगे बढ़ रहे हैं। यह साझेदारी भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

## मिड-डे मिल पर कोहराम

# खाना में छिपकली गिरने से 70 से अधिक बच्चे बीमार



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मधेपुरा में बच्चों के मध्यान्ह भोजन घातक साबित हुआ। सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारू टोला, साहुगढ़ में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) खाने से 70 से अधिक बच्चे बीमार हो गए। सभी बच्चों का सदर अस्पताल में इलाज किया गया। हालत में सुधार होने के बाद सभी को देर शाम घर भेज दिया गया। एमडीएम में छिपकली गिरना बच्चों के बीमार होने का कारण बताया गया। स्कूल प्रबंधन के अनुसार शनिवार को दोपहर में करीब डेढ़ बजे बच्चों को एमडीएम दिया गया। खाना खाने के कुछ देर बाद ही बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। देखते ही देखते 70 से अधिक बच्चे बीमार हो गए। बच्चों को उल्टी, पेट दर्द, घबराहट और बेचैनी की शिकायत से विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही चार एम्बुलेंस स्कूल भेजी गई। सभी को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। बच्चों का इलाज किया गया। कक्षा आठ की एक छात्रा सुधा कुमारी की हालत गंभीर है। उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। स्कूल की एचएम नूतन कुमारी ने बताया कि पारस एग्रो एजेंसी ने खाना पहुंचाया था। कई बच्चों को खाना खिलाने के बाद एमडीएम में छिपकली का पता चला।

### एजेंसी ने पहुंचाया था खाना

बताया गया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारू टोला, साहुगढ़ में दिन के करीब एक बजे निजी एजेंसी द्वारा एमडीएम का खाना पहुंचाया गया। इसके बाद बच्चों को एमडीएम खिलाना शुरू किया गया। कई बच्चों को खाना खिलाने के बाद एमडीएम में छिपकली गिरा होने का पता चला। इस बीच खाना खाने वाले बच्चों की तबीयत खराब होने की शिकायत मिलने लगी। आनन-फानन में बच्चों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। कई बच्चों के अस्पताल पहुंचने से अफर- तफरी मच गयी।

## पंजाब में बड़ा धमाका संभव

# भाजपा में 'वापसी' करेंगे सिद्धू! कौर ने राहुल को कहा 'पप्पू'

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

पंजाब की राजनीति में 2 महीनों से जारी अनिश्चितता और बयानबाजी के दौर का अंत आखिरकार एक बड़े धमाके के साथ हुआ है। पूर्व विधायक डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया है। कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल ने शुक्रवार को इसकी औपचारिक घोषणा की। इस निष्कासन से पहले ही नवजोत कौर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। अब साफ है पार्टी अब सिद्धू परिवार की बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं करेगा।



### कड़वाहट चरम पर पहुंची

पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाए जाने के बाद डॉ. नवजोत कौर सिद्धू के तेवर और भी तल्ख हो गए हैं। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने राहुल को 'पप्पू' कहकर संबोधित किया। कौर का यह बयान कांग्रेस के साथ उनके रिश्तों की कड़वाहट को चरम पर ले गया है।

## मृतकों में 14 साल का बच्चा शामिल

# कोटा में 3 मंजिला इमारत गिरने से 2 लोगों की मौत

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में बीती रात 3-मंजिला इमारत गिरने से 2 लोगों की दबकर मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा घायल हुए हैं।इमारत के सबसे निचली मंजिल पर एक रेस्टोरेंट था। घटना के समय यहां 10-12 कर्मचारी और कुछ ग्राहक थे, जो मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही आपातकालीन बल मौके पर पहुंचे और लोगों को बाहर निकाला। अस्पताल भेजे गए 10 लोगों में से 2 की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जो इमारत गिरी, उसके पीछे निर्माण कार्य चल रहा था। इस वजह से ड्रिलिंग और पाइलिंग के चलते इमारत में कंपन हो रहे थे। संभवतः इसी को हादसे की वजह माना जा रहा है। हादसे में एक 20 साल का छात्र और 14 साल के बच्चे की मौत हो गई है। वहीं, रेस्टोरेंट मालिक भी मलबे में दब गया और उसके दोनों पैर कट गए।

# तीन करोड़ का जीरा चुराने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**मेहसाणा।** एशिया के सबसे बड़े जीरा व्यापार केंद्र, गुजरात के मेहसाणा जिले के उंझा कस्बे में गोदामों से तीन करोड़ रुपये का मसाला चोरी करने के आरोप में एक वकील और चार अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मेहसाणा के पुलिस उपाधीक्षक दिनेशसिंह चौहान ने बताया कि आरोपियों ने 12 दिसंबर, 2025 और दो जनवरी के बीच उनावा राजमार्ग पर स्थित दो गोदामों में कथित तौर पर प्रवेश करने के लिए नकली चाबियों का इस्तेमाल किया और रात में सैकड़ों बोरी जीरा चुरा लिया।

## पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर बवाल

# कांग्रेस ने किया प्रदर्शन और सरकार का 'पुतला' फूंका

एजेंसी ▶▶ पटना

सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने पटना स्थित सदाकत आश्रम में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी को राजनीतिक साजिश बताया। कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका और आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए सत्ता पक्ष दमनात्मक कार्रवाई कर रहा है। कांग्रेस ने कहा कि यादव की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है। और पार्टी इसका लगातार विरोध करेगी।



### कांग्रेस को हमेशा साजिश दिख रही: चिराग

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पप्पू यादव के मामले पर कहा कि-हर चीज को इतना बड़ा चढ़ा कर पेश करना कि हर चीज में साजिश हो रही है। जान से मारने यह नॉर्मल एक प्रक्रिया का हिस्सा है। किसी को यूं अरेस्ट नहीं करते। गिरफ्तार कर सकता है। यकीनन कहीं न कहीं कुछ तथ्य सामने आए होंगे। कुछ ऐसे प्रमाण मिले होंगे जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सुरक्षागार्ड
अतिशीघ्र आवश्यकता है- नियोजन अधिकारी प्रतिदिन 500 से 5000 कमाने का सुनहरा अवसर, वर्किंग पार्टनर, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 7746000016. (RO-348)

टेलीकॉलर
Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job. 3rd floor, Radhey Chambers, Pandri.Contact 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

नर्सिंग स्टाफ/असिस्टेंट
आवश्यकता है- बीएससी नर्सिंग स्टॉफ -10, नर्सिंग असिस्टेंट- 10, वार्ड बॉय- 10 की आवश्यकता है रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड रायपुर 0771-2425009.(RO-514)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पेट्रोल पंप कर्मी
अतिशीघ्र आवश्यकता है- अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर संपर्क करें - 9340741230. (RO-6666)

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है डीजल पेट्रोल डालने हेतु- 06 संपर्क करें: झाबक सर्विस स्टेशन रिंग रोड नं. 2 रायपुर मोबाइल नं.- 9039369400. वेतन योग्यतानुसार (RO-6664)

घरेलु कार्य
आवश्यकता है- रायपुर, शंकर नगर vip वी आई पी कॉलोनी में घरेलू काम , झाड़ू पोंछा, चौका, बर्तन तथा साफ सफाई के लिए महिला कर्मी की आवश्यकता है, संपर्क करें 9425205358, 9424205358.(RO-25)

ऑपरेटर
आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम चलाने के लिए अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़को की आवश्यकता है संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645, 91311-39179.(RO-515)

ऑफिस कार्य
आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़का/ लड़की की आवश्यकता है (थोड़ा बहुत हिंदी कंप्यूटर टाइपिंग आता हो) संपर्क:- रमेश कुमार प्रसाद (अधिवक्ता) बनरसी नहर रोड, माना कैंप रायपुर 9993694470, 8120736802.(RO-513)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लडको की उम्र 18-28, 10th, 12th पास जो आगरा में काम कर सके वेतन 12,000/- + कमीशन + बोनस , रहना फ्री शीघ्र संपर्क करे - इंटरव्यू परशुराम चौक चम्पा 9359941800, 9244274370.(RO-526)

आवश्यकता
आवश्यकता है- दवा कंपनी में कार्य हेतु, आठवीं/दसवीं पढ़े लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है, दुर्ग-भिलाई निवासी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार संपर्क:- डॉ.एच.सी.अग्रवाल मो.- 96177-89223, 94255-55659 मिलने का समय- शाम 5बजे से 8बजे तक पता:-स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने ब्राइट फर्नीचर के पीछे दुर्ग(छ.ग.) (आरो न.-4136)

सेल्स एक्जीक्यूटिव
आवश्यकता है- रीजॉय सोलर पावर में सेल्स एग्जीक्यूटिव, वीडियो एडिटर/ वीडियोग्राफर ,पता- प्रगति नगर मार्केट रिसाली भिलाई ,नियर होटल समाइरा इन मो .9770577527.(आरो न.-220)

Property प्रापर्टी

मकान/प्लाट
मकान बेचना है- मकान EWS 1528-29 हाउसिंग बोर्ड छावनी, भिलाई वार्ड क्रमांक 26 क्रिकेट स्टेडियम के पास बेचना है एंव मैत्री विहार कॉलोनी शिवा पब्लिक स्कूल के पीछे गार्डन से सटा हुआ दुकान का पूर्व मुखी प्लाट क्रमांक 67 फेज बी 30 वर्ग मीटर शीघ्र बेचना है। संपर्क:- 8815155454.(RO-6667)

हरिभूमि

हमारा अशियाना
META PROPERTIES
3BHK VILLA & PLOTS AVAILABLE
VIP CITY, Saddu, Vidhan Sabha, Raipur, C.G.
812 000 8290
Khanna Advt.

कृषि भूमि
कृषि भूमि बेचना है- कृषि भूमि खेत बेचना है 2.14 एकड़ आदिवासी की है ग्राम- बासिन,(खेदेमारा / जमुल रोड) .दुर्ग छत्तीसगढ़ मोबाइल 7987002803. (RO-6665)

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+5
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330



# सिद्धांत ने मृणाल पर बरसाए फूल

**मुंबई।** मृणाल इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में'के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में दिखाई देंगे। मृणाल और सिद्धांत अपनी मूवी के प्रमोशन के लिए मुंबई में एक इवेंट में पहुंचे थे। इस बीच सिद्धांत ने एक नहीं, दो बार मृणाल पर फूलों की बारिश की। एक बार तब, जब वे इवेंट के दौरान फैंस से बातचीत कर रहीं थीं और दूसरी बार स्टेज पर। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। फैंस इस वीडियो पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। इन दिनों अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी फिल्मों से लेकर पर्सनल लाइफ तक को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम अभिनेता धनुष के साथ जोड़ा जा रहा था। यही नहीं यहां तक कहा जा रहा था कि मृणाल और धनुष वैलेंटाइन डे के मौके पर 14 फरवरी को शादी करने वाले हैं।

लाइफ Style

# नोरा
## परफॉर्म करने के बाद मनाया जन्मदिन

नोरा फतेही ने पहले परफॉर्म किया है। इसके बाद उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया है। इसका वीडियो उन्होंने शेयर किया है। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने एक पोस्ट लिखी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही ने शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। इसके बाद उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर इसका वीडियो शेयर किया है और एक पोस्ट लिखी है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 'एक तो कम जिंदगानी', 'गर्मी', 'स्नेक' और 'वन्दे मातरम्' गाने पर शानदार परफॉर्म किया है। उन्होंने सबसे आखिर में एक वीडियो शेयर किया जिसमें देखा जा सकता है कि वह परफॉर्म करके वापस आईं। उनके साथियों और करीबियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने लोगों का शुक्रिया अदा किया, केक पर लगी मोमबत्ती बुझाई और कई लोगों को हग किया। परफॉर्मेंस और जन्मदिन मनाने का वीडियो शेयर करते हुए नोरा फतेही ने लिखा 'टी20 वर्ल्डकप की ओपनिंग सेरेमनी और मेरे जन्मदिन का सेलेब्रेशन, वाह। मैं खुशनसीब हूं। जय हिंद।' 6 जनवरी 1992 को जन्मीं नोरा फतेही मोरक्को मूल की भारतीय अभिनेत्री और डांसर हैं। वह बॉलीवुड की फिल्म 'रोर' 'स्ट्रीट डांसर 3डी' और 'बी हैप्पी' जैसी फिल्मों में नजर आई हैं।



# जब अमिताभ को कहा गया थर्ड रेट एक्टर
## साधा विदेशी सोच पर निशाना

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपनी बात फैंस तक पहुंचाते हैं। साथ ही वह नियमित ब्लॉग भी लिखते हैं। हाल ही में अपने एक ब्लॉग में उन्होंने एक पुराना और बुरा अनुभव साझा किया। साथ ही भारत की अंडर-19 विश्वकप जीत के वक्त 'थर्ड वर्ल्ड कंट्री'वाले कमेंट को लेकर भी सफाई दी। ट्वीट करते हुए अमिताभ बच्चन ने लिखा था, 'अंडर-19 क्रिकेट इंडिया विश्व चैंपियन। दुश्मन को ठोक दिया। ब्लाइंड, महिला, पुरुष क्रिकेट, सभी विश्व चैंपियन। हम नंबर 1 हैं, शीर्ष पर है, विश्व में प्रथम हैं। हम तीसरे दर्जे के नहीं हैं, हम विश्व में प्रथम हैं। भारत माता की जय।'कई लोगों को अमिताभ बच्चन का 'तीसरे दर्जे के देश' वाली बात पसंद नहीं आई। इसी बात को लेकर अमिताभ ने एक ब्लॉग लिखकर पूरी कहानी साझा की है।





### पुराना अनुभव किया साझा

*अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, 'मुझे एक देश (नाम नहीं बताऊंगा) में होने वाले फिल्म फेस्टिवल के लिए बुलाया गया था। प्लेन में मैंने उनका अखबार देखा, जिसमें मेरी एक फिल्म की तस्वीर थी। भाषा समझ में न आने पर मैंने एयर होस्टेस से पूछा कि क्या लिखा है। उसने कहा कि यह एक इंडियन फिल्म का पोस्टर है और अखबार में लिखा है कि इसका एक्टर देश में आ रहा है। मैं यह देखकर हैरान कि यह विदेशी देश हमारी फिल्मों से इतना प्रभावित कैसे और क्यों हो सकता है। लैंडिंग के बाद मुझे पता चला कि ऐसा क्यों था।'*

***विदेशी फैंस ने दिया खूब प्यार*** *: ब्लॉग में अमिताभ बच्चन आगे लिखते हैं, 'जब मैं प्लेन से उतरा तो लोग जमा होने लगे। प्लेन से इमिग्रेशन डेस्क तक पहुंचने में दिक्कत हो रही थी। लेकिन भीड़ बढ़ती जा रही थी, जिससे मेरे लिए चलना भी मुश्किल हो गया। हालात इतने खराब हो गए कि पुलिस आई, मुझे भीड़ से बाहर निकाला, एयरपोर्ट से बाहर ले गई, कार में बिठाया और मेरे होटल तक पहुंचाया। अपनी पूरी जिंदगी में, पहली बार मेरा इमिग्रेशन एक होटल के अंदर हुआ।' इतने शानदार स्वागत के बावजूद अमिताभ बच्चन को एक सीनियर लोकल जर्नलिस्ट की आलोचना का सामना करना पड़ा।*

# ओ रोमियो का गाना पान की दुकान रिलीज

**मुंबई।** शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' की रिलीज पर रोक नहीं लगी है और ये 13 फरवरी को ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले, इसका गाना 'पान की दुकान' खूब धूम मचा रहा है। इसमें शाहिद कपूर और दिशा पाटनी हैं और उनकी केमेस्ट्री भी जबरदस्त है। शुक्रवार को मुंबई में अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' के गाने 'पान की दुकान' के लॉन्च के दौरान शाहिद कपूर को अचानक फैंस की भीड़ का सामना करना पड़ा। एक्टर ने कुछ लोगों को मंच पर आने के लिए इनवाइट किया था। देखते ही देखते, कई और लोग ऊपर चढ़ गए और उनके चारों ओर जमा हो गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अलग किया। वे कुछ देर के लिए मंच से हट गए, फिर वापस आकर कार्यक्रम में शामिल हुए। यह घटना तब घटी जब शाहिद तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म का प्रचार कर रहे थे। उनकी फिल्म 'ओ रोमियो' के इस गाने ने आते ही धूम मचा दिया है और जबरदस्त हिट की तरफ बढ़ रहा है। शाहिद कपूर 'ओ रोमियो' के गाने 'पान की दुकान' में अपने जोरदार डांस मूव्य दिखाते नजर आ रहे हैं।




# आयुष्मान-सारा की पति पत्नी और वो दो की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज डेट बदल गई है। अब इसके लिए दर्शकों को इंतजार करना पड़ेगा। इस साल रिलीज होने जा रही फिल्मों की रिलीज डेट में बदलाव का क्रम जारी है।

बीते दिन अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' की रिलीज डेट में बदलाव का एलान किया था।



आज रविवार को आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज डेट भी बदलने की बात सामने आई है। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' पहले होली के अवसर पर 4 मार्च को रिलीज होने वाली थी। मगर, अब यह फिल्म होली के मौके पर रंग नहीं जमाएगी, क्योंकि तारीख में बदलाव कर दिया गया है। दर्शकों के लिए इंतजार थोड़ा लंबा हो गया है। यह फिल्म अब गर्मियों में रिलीज होगी। बता दें कि ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने आज एक ट्वीट करके यह जानकारी दी है। इसके मुताबिक फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' अब 15 मई को रिलीज होगी। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' में आयुष्मान खुराना और सारा अली खान के अलावा रकुल प्रीत सिंह व वामिका गब्बी भी अहम भूमिका में हैं।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

## टीवी मसाला



# चंद्रिका ने वैलेंटाइन डे से पहले मिस्ट्री मैन को किया प्रपोज

**नई दिल्ली।** चंद्रिका दीक्षित लोगों के बीच सस्पेंस बढ़ाती ही जा रही हैं। उन्होंने अपने मिस्ट्री मैन के साथ एक वीडियो बनाया था और कहा था कि वह 8 फरवरी को बताएंगी वह शख्स कौन है। उसका नाम-पता क्या है। लेकिन, इस बार भी उन्होंने लोगों को चूरन थमा दिया। हालांकि ,जो लेस्टेस्ट रील पोस्ट की है, उसमें उन्होंने उस आदमी को थ्री-मैजिकल वर्ड 'आई लव यू' कह दिया है। साथ ही कैप्शन में भी प्यार उड़ेला है।चंद्रिका दीक्षित 2 फरवरी से ही लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रही हैं। दिल्ली में वड़ा पाव बेचकर सुर्खियों में आईं और फिर 'बिग बॉस ओटीटी 3' का हिस्सा बनीं। और लंबे वक्त बाद अपने पति पर धोखा देने का आरोप लगाकर वह चर्चा का विषय बन गई हैं। उन्होंने मिस्ट्री मैन को प्रपोज कर दिया है, जो अब सरदार जी के लुक में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में चंद्रिका कहती हैं, 'तुम गलत थे कि मुझे कभी प्यार नहीं हो सकता।' मिस्ट्री मैन ने पूछा, 'तुझे किससे प्यार हो गया?' वड़ा पाव गर्ल ने जवाब दिया, 'तुमसे।' इसके बाद वह पूछते हैं, 'सच्ची?' तो वड़ा पाव गर्ल कहती हैं, 'आई लव यू।' फिर दोनों एक-दूसरे को अपनी बाहों में भर लेते हैं। इस पर लोगों ने तरह-तरह के रिएक्शन्स दिए हैं। एक ने लिखा, 'ये मिस्ट्री मैन कभी सिख कभी मुसलमान बन जाता है।' ए ने लिखा, 'अनफॉलो करो और सब इसको मास रिपोर्ट करो।' एक ने लिखा, 'वो चश्मे वाले भइया कहां गए?' इसके पहले चंद्रिका ने पति की चैट लीक करते हुए वीडियो बनाया था और उसमें कहा था, 'अय्याशी! तुझे मेरी करनी अय्याशी लग रही है? और तू... तू क्या कर रहा था? दो-दो लड़कियों के साथ कार में? तू एमएमएस बना, वीडियो बना, कुछ भी बना, मुझे फर्क नहीं पड़ता, दफा हो जा। और क्या कह रहा है? एक्सेस? दुकान का एक्सेस और तू, दोनों नहीं चाहिए मुझे। निकल। और... और तूने मुझे बनाया? रोड से बिठाकर महल में बिठाया। वरना आज भी रैपिडो चला रहा होता तू समझा! मुंह मत खुलवा इससे ज्यादा।' दुकान का एक्सेस और तू, दोनों नहीं चाहिए मुझे। निकल। और... और तूने मुझे बनाया? रोड से बिठाकर महल में बिठाया। वरना आज भी रैपिडो चला रहा होता तू समझा! मुंह मत खुलवा इससे ज्यादा।

## कृतिका बनने जा रही हैं गौरव की दूसरी दुल्हनिया

**नई दिल्ली।** 'कितनी मोहब्बत है' फेम कृतिका कामरा फाइनली शादी करने जा रहा हीं। उन्होंने गौरव कपूर के साथ अपने रिश्ते के बारे में पिछले साल ही बताया था। और अब खबर है कि ये दोनों फेरे वाले हैं। वह



अपने रिश्ते को एक अगले लेवल पर ले जाने के लिए तैयार हैं और शायद मार्च, 2026 में पति-पत्नी बन जाएंगे। हालांकि अभी कपल की तरफ से पुष्टि नहीं की गई है। 'कृतिका और गौरव साथ में खुश हैं और अच्छी लाइफ बिता रहे हैं। और वह अब अपने रिश्ते को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने के लिए एक्साइटेड हैं। वह मार्च के आखिरी दिनों या अप्रैल के पहले हफ्ते शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं।' इस शादी में में उनके परिवार और दोस्त शामिल होंगे। सोर्स ने बताया है कि मुंबई में कपल फेरे लेगा। फिलहाल उसकी सभी रस्मों की तैयारी में वो जुटे हुए हैं। कृतिका और गौरव ने सभी फंक्शन्स के बारे में अभी कुछ फाइनल नहीं किया हैं कि वह क्या कुछ करेंगे। मगर वह मुंबई में इंडस्ट्री के लोगों को रिसेप्शन जरूर देंगे। बता दें कि कृतिका और गौरव ने दिसंबर, 2025 में अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल किया था। उन्होंने साथ में नाश्ता करने के दौरान की फोटो पोस्ट की थी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफैशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट | रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

खबर संक्षेप

## एलएंडटी मार्च अंत तक डेटा सेंटर की क्षमता बढ़ाएगा

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने मार्च के अंत तक 18 मेगावाट की डेटा सेंटर क्षमता चालू करने की योजना बनाई है, जिससे चालू वित्त वर्ष के अंत तक इसकी कुल परिचालन क्षमता 32 मेगावाट हो जाएगी। डेटा सेंटर के लिए कुल पूंजीगत व्यय लगभग 1,000 करोड़ रुपये है।

## सीमेंस का लाभ 26 फीसदी घटकर 269 करोड़ रहा




**नई दिल्ली।** सीमेंस लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ लगभग 26 प्रतिशत घटकर 269 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी के लाभ में यह गिरावट विदेशी मुद्रा में हुए नुकसान और नए श्रम कानूनों के लागू होने के एकमुश्त प्रभाव के कारण आई। सीमेंस लिमिटेड ने 2024-25 की तीसरी तिमाही के वित्त परिणामों की जानकारी दी।

## डिश टीवी का घाटा बढ़कर 276.23 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** डीटीएच सेवा प्रदाता डिश टीवी इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 276.23 करोड़ रुपये हो गया। डिश टीवी ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि एक साल पहले की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उस 46.54 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

## श्री सीमेंट का लाभ 38 फीसदी बढ़कर 267 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** श्री सीमेंट लिमिटेड ने बताया कि लागत प्रबंधन और प्रीमियम उत्पादों पर विशेष ध्यान देने की वजह से दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 38.16 प्रतिशत बढ़कर 267.65 करोड़ रुपये हो गया। श्री सीमेंट ने शेयर बाजार को बताया कि उसने एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में 193.72 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

## जेएलआर को हुआ 31 करोड़ पाउंड का घाटा




**नई दिल्ली।** साइबर हमले की घटना के कारण उत्पादन में आई रुकावट से प्रभावित हुई जगुआर लैंड रोवर को चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 31 करोड़ पाउंड का घाटा हुआ। टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 52.3 करोड़ पाउंड का लाभ कमाया था।

## कल्याण ज्वेलर्स के मुनाफे में 90 फीसदी का इजाफा




**मुंबई।** कल्याण ज्वेलर्स इंडिया ने बताया कि उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 90.36 प्रतिशत बढ़कर 416.29 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्तवर्ष की इसी तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा 218.68 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी का परिचालन से होने वाला राजस्व 42.11 प्रतिशत बढ़कर 10,343.41 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 7,278.09 करोड़ रुपये था। वित्तवर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के दौरान अंतरराष्ट्रीय परिचालन से कुल राजस्व में 38 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

# टेस्ला को लगा तगड़ा झटका, 88 प्रतिशत कम हुई सेल, जनवरी में बिकीं 83 कारें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एलन मस्क की टेस्ला से ग्राहक रूठ गए हैं। जनवरी 2026 के सेल्स आंकड़े यही बता रहे हैं। यूरोपियन मार्केट में टेस्ला सेल्स के मामले में बैकफुट पर है। इसका प्रभाव अब ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर के कुछ सबसे बड़े मार्केट्स में दिखने लगा हैं। यूरोप में खासतौर से नॉर्वे टेस्ला का एक सबसे मजबूत और बड़ा मार्केट माना जाता था।

- नार्वे टेस्ला का सबसे मजबूत और बड़ा मार्केट था अब पकड़ से बाहर

टेस्ला की अब यहां भी पकड़ ढीली होती दिख रही है। रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2026 के नए रजिस्ट्रेशन आंकड़ों से पता चलता है कि टेस्ला मॉडल वाई की 62 यूनिट्स की बिक्री हुई, जो कुल नई कार बिक्री का 2.8 प्रतिशत है। पूरी रेंज में टेस्ला ने 83 यूनिट्स सेल किए, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 88 प्रतिशत कम है।

### यूरोपीयन मार्केट में टेस्ला सेल्स के मामले में बैकफुट पर

#### वीडब्ल्यू की आईडी-3 सबसे आगे

टेस्ला की प्रतिद्वंद्वी कंपनियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं, जिनमें फॉक्सवैगन आईडी-3 299 यूनिट्स की बिक्री के साथ सबसे आगे है और यह टेस्ला से लगभग 5 गुना अधिक है। टेस्ला को भले ही चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन नॉर्वे में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार अभी भी अच्छा है। पिछले महीने नॉर्वे में बिकने वाले सभी नए वाहनों में से 94 प्रतिशत ईवी थे। डीजल वाहनों की बिक्री मात्र 98 रही और पूरे देश में केवल 7 पेट्रोल कारों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जो अब तक का सबसे कम आंकड़ा है।




#### स्पेन और इटली में टेस्ला का जलवा

नॉर्वे में टेस्ला को भले ही मुश्किलों का सामना करना पड़ा हो, लेकिन चुनिंदा यूरोपीय बाजारों में इसकी सेल में बढ़ोतरी हुई है। स्पेन की बात करें, तो यहां सेल 70 प्रतिशत बढ़कर 456 यूनिट तक पहुंच गई। इसके अलावा, इटली में बिक्री 75 प्रतिशत बढ़कर 713 यूनिट हो गई, स्वीडन में यह 26 प्रतिशत बढ़कर 512 यूनिट और डेनमार्क में 3 प्रतिशत इजाफे के साथ 458 यूनिट रही। सेल में इस उछाल की वजह मॉडल 3 और मॉडल वाई के हाल ही में लांच किए गए बजट-फ्रेंडली और सिंप्लिफाइड वर्जन से जुड़ा है।

#### भारत में सेल बढ़ाने कई ऑफर

इन स्टैंडर्ड मॉडल्स को टेस्ला के पुराने प्रोडक्ट लाइन को पुनर्जीवित करने के लिए पेश किया गया था, जिसे नए और अधिक इनोवेटिव राइवल्स से पिछड़ने के लिए बढ़ती आलोचना का सामना करना पड़ रहा था। भारतीय बाजार की बात करें, तो मॉडल वाई की सेल बढ़ाने के लिए कई स्कीम ऑफर कर रही है, जिसमें एक आईसीई व्हीकल के बदले 3 लाख रुपए तक का एक्सचेंज बोनस भी शामिल है।

### भारत-अमेरिका समझौते पर उद्योगों की मिश्रित प्रतिक्रिया

# उद्योगों को सोयाबीन तेल, पशु आहार में शुल्क कटौती पर स्पष्टता का इंतजार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर खाद्य तेल और सोयाबीन प्रसंस्करण उद्योग ने मिश्रित प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उद्योग को शुल्क कटौती, कोटा तंत्र और गुणवत्ता विशिष्टताओं पर महत्वपूर्ण विवरणों का इंतजार है।

समझौते के तहत, अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत अमेरिका के औद्योगिक सामानों और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क को खत्म या घटा देगा। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा कि भारत की सोयाबीन तेल आयात पर भारी निर्भरता को देखते हुए समझौते का असर महत्वपूर्ण हो सकता है।





- शुल्क कटौती, कोटा तंत्र व गुणवत्ता विशिष्टताओं पर विवरण का इंतजार
- शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 फीसदी किया जाएगा
- सोयाबीन तेल के आयात पर भारी निर्भरता को देखते समझौता महत्वपूर्ण

#### भारत ने रिकॉर्ड सोयाबीन तेल आयात किया

खाद्य तेल वर्ष 2024-25 (नवंबर-अक्टूबर) के दौरान, भारत ने रिकॉर्ड 54.7 लाख टन सोयाबीन तेल आयात किया, जो मुख्य रूप से अर्जेंटीना और ब्राजील से आया था और इसका अधिकांश हिस्सा जैविक रूप से संशोधित था। वर्तमान में भारत अमेरिका से केवल 1.5 लाख से दो लाख टन सोयाबीन तेल आयात करता है, जिस पर 16.5 प्रतिशत शुल्क लगता है।

#### पशु आहार की अतिरिक्त आपूर्ति बढ़ेगी

एसईए अधिकारी ने कहा कि पशु आहार के शुल्क मुक्त आयात से देश में मवेशी और पोल्ट्री क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त आपूर्ति बढ़ेगी। भारत इस समय लगभग 75 लाख से 80 लाख टन डिस्टिलर्स' ड्राइड ग्रेन्स (डीडीजीएस) का उत्पादन करता है, जो मक्का और चावल का उप-उत्पाद है और सोया तथा रैपसीड मील की जगह लेता है।

#### घरेलू उत्पादन व कीमतों पर असर पड़ेगा

मेहता ने चेतावनी दी, /''अमेरिकी डीडीजीएस की आपूर्ति से घरेलू उत्पादन और कीमतों पर असर पड़ेगा, जिससे घरेलू प्रसंस्कर्ताओं पर प्रभाव पड़ेगा।/'' सोयाबीन प्रसंस्करण उद्योग संघ (एसओपीए) के कार्यकारी निदेशक डी एन पाठक ने एक और चिंता व्यक्त की कि भारत ने अभी तक जैविक रूप से संवर्धित डीडीजीएस को मंजूरी नहीं दी है।

#### अमेरिकी सोयाबीन तेल अधिक महंगा होता है

*इसमें 10 प्रतिशत बुनियादी कस्टम शुल्क, पांच प्रतिशत कृषि उपकर और 1.5 प्रतिशत शिक्षा उपकर शामिल हैं। एसईए के कार्यकारी निदेशक बीवी मेहता ने कहा, /''अमेरिका से आने वाला सोयाबीन तेल भारत के लिए सामान्यतः प्रति टन 30-40 अमेरिकी डॉलर अधिक महंगा होता है, साथ ही अतिरिक्त लॉजिस्टिक लागत भी होती है, इसलिए शुल्क में कमी का फायदा भारतीय आयातकों को कम मिलेगा।/''*

#### सोयाबीन तेल के आयात पर कोई नीति स्पष्ट नहीं

*यह अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी सोयाबीन तेल को कोटा आधारित तरीके से बिना किसी मूल सीमा शुल्क के अनुमति दी जाएगी और क्या 6.5 प्रतिशत कृषि और शिक्षा शुल्क से छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा, हमें यह देखना होगा कि क्या शुल्क को घटाया या समाप्त किया जाएगा।/''*

# तिमाही नतीजे इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- मुद्रास्फीति के आंकड़े, वैश्विक रुझान भी डालेंगे प्रभाव
- वैश्विक रुझानों से विदेशी निवेशकों की गतिविधियां तय होगी

विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा मुद्रास्फीति के आंकड़ों, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और वैश्विक रुझानों से तय होगी। इसके अलावा, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और तीसरी तिमाही के नतीजे भी सप्ताह के दौरान बाजार को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण घरेलू और वैश्विक कारक मौजूद हैं। भारत में, निवेशक 12 फरवरी को आने वाले खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों और 13 फरवरी को आने वाले विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। मिश्रा ने आगे कहा, ''तिमाही नतीजे भी आ रहे हैं, जिसमें टाइटन कंपनी और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी प्रमुख कंपनियों के परिणाम इस सप्ताह आने हैं। वैश्विक स्तर पर, प्रतिभागी अमेरिकी आंकड़ों और हालिया गिरावट के बाद नैस्डैक कंपोजिट के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे।''

#### बाजार सुदृढ़ीकरण चरण में पहुंचा

ऑनलाइन कारोबारी मंच एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, ''आम बजट 2026-27 और आरबीआई के मौद्रिक नीति निर्णयों के प्रभाव के बाद भारतीय इक्विटी बाजार अब एक सुदृढ़ीकरण चरण में प्रवेश कर गए हैं। अब निवेशकों का ध्यान पूंजीगत व्यय के निष्पादन और वास्तविक खर्च की गति पर केंद्रित हो गया है।''

# सरकारी बैंकों का मुनाफा दो लाख करोड़ के पार जाएगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की बेहतर स्थिति से उत्साहित वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने भरोसा जताया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में इन बैंकों का संयुक्त मुनाफा दो लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाना चाहिए।



- वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने जताया भरोसा
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के अच्छी स्थिति में होने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस साल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत और जमा वृद्धि 10 प्रतिशत है, जो काफी उत्साहजनक है।उन्होंने कहा, ''बैंक अर्थव्यवस्था की मजबूती के संकेत हैं। इसलिए, वे लचीले हैं। हमारे पास नियामक आरबीआई के तहत बहुत ही विवेकपूर्ण प्रबंधन प्रणाली मौजूद है। इसलिए हम अपने बैंकिंग क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाले बाहरी कारकों के बारे में बहुत चिंतित नहीं हैं।'सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की लाभप्रदता के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, ''इस साल (चालू वित्त वर्ष) हम दो लाख करोड़ रुपये को पार कर जाएंगे। हमने पहली छमाही में ही लगभग एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लिया है... मुझे लगता है कि हम दो लाख करोड़ रुपये को पार कर जाएंगे।''

#### पीएसबी में एफडीआई बढ़ाने पर विचार

वित्त मंत्रालय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को मौजूदा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत करने पर विचार कर रहा है। इस पर नागराजू ने कहा, ''हम अभी भी विचार कर रहे हैं, और एफडीआई सीमा को 49 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए अंतर-मंत्रालयी परामर्श जारी है।''

# नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के आईपीओ को निदेशक मंडल से मंजूरी




**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निदेशक मंडल ने अपने बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मंजूरी दे दी। यह निर्गम पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा और इसमें नया निर्गम शामिल नहीं होगा। यह निर्णय बाजार नियामक सेबी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलने के कुछ ही समय बाद आया है। इसके साथ ही एक दशक से अधिक की देरी के बाद एक्सचेंज के लिए अपनी सूचीबद्धता योजनाओं को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है। एक बयान के मुताबिक, निदेशक मंडल की बैठक में आईपीओ प्रक्रिया को पूरा करने के लिए गठित समिति के पुनर्गठन को भी मंजूरी दी गई। पुनर्गठित समिति की अध्यक्षता गैर-स्वतंत्र निदेशक तबलेश पांडेय करेंगे।

# आईपीओ लाने की तैयारी में फोनपे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वॉलमार्ट समर्थित फिनटेक दिग्गज फोनपे अप्रैल में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी की योजना भारत के डिजिटल भुगतान बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ-साथ वित्तीय सेवाओं और नए उपभोक्ता मंचों के क्षेत्र में विस्तार करने की है।




- कारोबार और नए मंच के जरिए विस्तार पर नजर
- डिजिटल भुगतान बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना चाह रहा

कंपनी ने अपने मसौदा दस्तावेजों (डीआरएचपी) में उल्लेख किया है कि डिजिटल भुगतान ही उसकी प्रगति का प्रमुख स्रोत बना रहेगा। इसके विस्तार के लिए कंपनी अपने उपभोक्ता आधार, संभावित बाजार और मंच के कार्यक्षेत्र को व्यापक बनाने हेतु पूंजी लगाने की योजना बना रही है। उद्योग के अनुमानों का हवाला देते हुए कंपनी ने कहा कि भारत में डिजिटल उपभोक्ता भुगतान का कुल संभावित बाजार वित्त वर्ष 2025 में 301 लाख करोड़ रुपये था, जिसके वित्त वर्ष 2030 तक बढ़कर 602-681 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

*सेबी से आईपीओ के लिए मिल चुकी मंजूरी : कंपनी को जनवरी में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आईपीओ के लिए मंजूरी मिल गई थी। फोनपे अपने वित्तीय सेवा वितरण व्यवसाय, जैसे ऋण और बीमा का भी विस्तार कर रही है। राजस्व के स्रोतों में विविधता लाने के लिए कंपनी अपने धन प्रबंधन मंच 'शेयर.मार्केट' और स्वदेशी ऐप स्टोर 'इंडस ऐपस्टोर' जैसे नए मंचों पर भी पूंजी निवेश कर रही है।*

### हिंदुस्तान जिंक ने प्रोटोटाइप बैटरी विकसित की ...




**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) ने कहा कि उसने जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च (जेएनसीएएसआर) के सहयोग से बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण के लिए ''जिंक-आयन बैटरी पाउच सेल प्रोटोटाइप'' विकसित किया है। कंपनी के अनुसार, यह विकास ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों में भारत के स्वदेशी अनुसंधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान में कहा गया कि जस्ता (जिंक) संसाधनों की प्रचुरता, कम लागत और व्यापक उपलब्धता के कारण जिंक-आयन बैटरियां स्थिर ऊर्जा भंडारण के लिए एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही हैं।

# भारत करेगा रूसी तेल की खरीद में कटौती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ व्यापार शुल्कों में कटौती के बदले हुए समझौते के तहत भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हालांकि, नायरा एनर्जी जैसी तेल शोधनशालाओं (रिफाइनरी) के पास सीमित विकल्प होने के कारण ये आयात फिलहाल पूरी तरह बंद नहीं होंगे।



- अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के बाद कवायद शुरू
- नायरा के पास सीमित विकल्प के कारण आयात बंद नहीं होगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को भारत से होने वाले सभी आयातों पर 25 प्रतिशत के दंडात्मक शुल्क को रद्द करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि यह कदम नयी दिल्ली की उस प्रतिबद्धता के बाद उठाया गया है, जिसमें रूस से तेल आयात रोकने की बात कही गई है। मामले की जानकारी रखने वाले तीन सूत्रों ने बताया कि हालांकि तेल शोधनशालाओं को रूस से खरीद रोकने का कोई औपचारिक निर्देश नहीं मिला है, लेकिन उन्हें अनौपचारिक रूप से मॉस्को से खरीद कम करने की सलाह दी गई है। अधिकांश तेल शोधनशालाएं इस घोषणा से पहले की गई खरीद प्रतिबद्धताओं (आमतौर पर 6-8 सप्ताह पहले दिए गए ऑर्डर) का सम्मान करेंगी, लेकिन उसके बाद नए ऑर्डर नहीं दिए जाएंगे।

#### आईओसी व बीपीसीएल भी खरीद बंद करेंगे

अब इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) भी अपनी खरीद धीरे-धीरे बंद करेंगे। भारत की सबसे बड़ी खरीदार कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड भी अगले कुछ हफ्तों में 1,50,000 बैरल की खेप प्राप्त होने के बाद रूसी तेल की खरीद बंद कर सकती है जिसने पिछले साल के अंत में रोसनेफ्ट और लुकॉइल पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद खरीदारी रोक दी थी।इस नियम का एकमात्र अपवाद 'नायरा एनर्जी' हो सकती है।

#### नायरा में रोसनेफ्ट की 49.13 फीसदी हिस्सेदारी

रूसी संबंधों (नायरा में रोसनेफ्ट की 49.13 प्रतिशत हिस्सेदारी) के कारण नायरा पर पहले यूरोपीय संघ और फिर ब्रिटेन ने प्रतिबंध लगाए थे। इन प्रतिबंधों के कारण कोई अन्य बड़ा आपूर्तिकर्ता कंपनी के साथ व्यावसायिक लेनदेन नहीं करना चाहता, जिससे वह प्रतिबंधित नहीं की गई संस्थाओं से रूसी तेल खरीदने को मजबूर है।

### परिवार ऐसे विकल्पों की और बढ़ रहे जिसमें रिटर्न ज्यादा हो

# कम रिटर्न व महंगाई से अब भारतीयों का एफडी से छूटा मोह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कई सालों से भारतीय परिवार अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी), सोना और बचत जैसे पारंपरिक तरीकों पर भरोसा करते आए हैं। इनमें रिटर्न और जोखिम दोनों काफी हद तक तय रहते थे, जिससे प्लानिंग आसान होती थी। लेकिन अब एक चुपचाप बदलाव दिख रहा है।

- परिवार अब सोच समझ कर जोखिम ले रहे

परिवार ऐसे निवेश विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं जिनमें रिटर्न ज्यादा हो सकता है, भले ही जोखिम भी ज्यादा हो। म्यूचुअल फंड, शेयर और डिजिटल प्लेटफॉर्म अब सिर्फ एक्सपर्ट्स तक सीमित नहीं रहे। आम परिवार भी सोच-समझकर जोखिम ले रहे हैं और असल वित्तीय सुरक्षा को नए नजरिए से देख रहे हैं।

#### एफडी से म्यूचुअल फंड की ओर

पीढ़ियों से एफडी भारतीय घरों की पसंद रही है। कम जोखिम, तय रिटर्न. लेकिन समस्या ये है कि एफडी का रिटर्न अक्सर महंगाई से कम रहता है, जिससे लंबी अवधि में संपत्ति नहीं बन पाती। अब लोग बेहतर रिटर्न के लिए म्यूचुअल फंड चुन रहे हैं। जैसे एक आईटी प्रोफेशनल पहले 3 लाख रुपए 7% एफडी में रखते थे। करीब दो साल पहले उन्होंने हर महीने 8,000 हजार इक्विटी म्यूचुअल फंड में लगाना शुरू किया। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद उन्हें सालाना करीब 13% रिटर्न मिला एफडी से कहीं बेहतर।




#### शेयर बाजार को अपनाना

पहले शेयर बाजार को बहुत जोखिम भरा माना जाता था। अब सोच बदल रही है। मुंबई के एक दंपती, जो पहले सोना और एफडी में निवेश करते थे, उन्होंने पिछले साल बड़ी कंपनियों के शेयर खरीदे। रोजाना उतार-चढ़ाव के बावजूद उनके पोर्टफोलियो में करीब 15% बढ़त आई।

#### सिप का बढ़ता चलन

सिप ने निवेश का तरीका बदल दिया है। दिल्ली के एक मार्केटिंग प्रोफेशनल ने तीन साल पहले 5,000 रुपए की सिप शुरू की। बाजार के उतार-चढ़ाव के बावजूद आज उनका पोर्टफोलियो 2 लाख रुपए से ज्यादा का है बचत खाते से कहीं बेहतर।

#### पारंपरिक निवेश से आगे

अब लोग सोना और रियल एस्टेट के साथ-साथ इंटरनेशनल फंड और ईटीएफ जैसे विकल्प भी जोड़ रहे हैं, ताकि जोखिम बंटे और ग्रोथ बढ़े। अब जोखिम से पूरी तरह बचने की बजाय, उसे ग्रोथ का साधन माना जा रहा है। परिवार अपने निवेश पर नजर रखते हैं, बदलाव करते हैं और ज्यादा जागरूक हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### भारतीय पिचों पर विविधता होना बहुत जरूरी हैः फर्ग्युसन

**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन ने टी20 विश्व कप मैच के दौरान अफगानिस्तान के शीर्ष क्रम के दो विकेट जल्दी चटकाकर टीम को उम्मीद से कम स्कोर पर रोकने के बाद कहा कि भारतीय पिच पर गेंदबाजों के लिए विविधता 'बहुत जरूरी' है। फर्ग्युसन ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत में कभी-कभी यह जानना मुश्किल होता है कि प्रतिस्पर्धी स्कोर क्या है। जितने वर्षों से मैं यहां आ रहा हूं, पिच बेहतर होती जा रही हैं। हां, विविधता होना बहुत जरूरी है। हर अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज के पास ये विविधताएं होती हैं।' न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की और चेपक की पिच पर फर्ग्युसन अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन से खुश दिखे।

### सूर्यकुमार में ठहराव आ गया : हरमीत सिंह




**मुंबई।** दबाव के क्षणों में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का शांतचित्त आत्मविश्वास अमेरिका के स्पिनर हरमीत सिंह को महान महेंद्र सिंह धोनी की याद दिलाता है। अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में भारत को संकट से निकालकर सूर्यकुमार ने 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी खेली और जीत के सूत्रधार रहे। हरमीत ने कहा ,' बेशक, हम यह सब सोचते थे लेकिन उन्हें सफलता देर से मिली। मुझे लगता है कि अब उनमें वह ठहराव आ गया है, जो एमएस धोनी में भी उनके कैरियर के आखिरी दौर में था।' उन्होंने कहा,'एक स्ट्रोक प्लेयर के तौर में उनमें जो लय थी, उन्होंने एक समझदारी भरी पारी खेलकर फिनिशर की भूमिका निभाई।

### लाइन और लेंथ पर टिके रहने की थी योजनाः सिराज




**मुंबई।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि जून 2024 के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर वह सबसे छोटे प्रारुप के लिए अपनी तैयारी को लेकर साफ थे और अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में रणजी ट्रॉफी में फेंकी गई लाइन और लेंथ पर टिके रहना ही उनकी योजना थी। सिराज शनिवार से शुरू हुए विश्व कप के लिए शुरुआत में भारत की योजनाओं का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने हालांकि टीम में वापसी की और एकादश में शामिल होकर वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान टीम की 29 रन की जीत में 29 रन देकर तीन विकेट लिए।

न्यूजीलैंड ने किया बड़ा टारगेट चेज, सेफर्ट ने जड़ी तूफानी फिफ्टी, फर्ग्युसन को 2 विकेट

# अफगानिस्तान का 25 मैचों का अजेय रिकॉर्ड टूटा, 180 प्लस रन के बावजूद न्यूजीलैंड से हारा

एजेंसी ⏭ चेन्नई

एम ए चिदंबरम स्टेडियम की स्पिन गेंदबाजों के अनुकूल पिच पर अफगानिस्तान के स्पिनरों ने निराश किया और बेहतर शुरुआत के बाद रविवार को टी20 विश्व कप के मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस हार की वजह से अफगानिस्तान का एक बड़ा रिकॉर्ड भी टूटा है। अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए इस मैच से पहले टी20 में 25 बार 180 या उससे अधिक का स्कोर पहले बल्लेबाजी करते हुए बनाया था और हर बार मैच जीतने में सफलता हासिल की थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान का जीत का ये क्रम टूट गया। अफगानिस्तान को 182 रन बनाने के बाद भी हार का सामना करना पड़ा। 26 मौकों में पहली बार ऐसा हुआ है जब अफगानिस्तान को 180 रन से अधिक बनाने के बाद भी हार का सामना करना पड़ा है।

### न्यूजीलैंड का शानदार आगाज

अफगानिस्तान को हराकर न्यूजीलैंड ने अपने सफर का शानदार आगाज किया है। न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 183 के लक्ष्य को सलामी बल्लेबाज टिम सेफर्ट के अर्धशतक की मदद से 5 विकेट के नुकसान पर 17.5 ओवर में हासिल कर लिया। 183 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी न्यूजीलैंड को पारी के दूसरे ओवर में ही लगातार गेंदों पर मुजीब उर रहमान ने फिन एलेन और रचिन रवींद्र के रूप में दो बड़े झटके दिए थे। रहमान ने दोनों को बोल्ड कर दिया। दो विकेट 14 रन पर गंवाकर न्यूजीलैंड मुश्किल में थी।




### सेफर्ट ने खोला जीत का रास्ता

टिम सेफर्ट चौथे विकेट के रूप में 42 गेंद पर 3 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 65 रन बनाकर आउट हुए। सेफर्ट की इस पारी ने ही न्यूजीलैंड की जीत का रास्ता खोला। चैपमेन 17 गेंद पर 28 रन बनाकर आउट हुए। डेरिल मिचेल ने 14 गेंद पर 25 और कप्तान मिशेल सेंटनर ने 8 गेंद पर 17 रन बनाकर टीम का स्कोर 17.5 ओवर में 5 विकेट पर 183 तक पहुंचाकर टीम को 5 विकेट से जीत दिला दी। अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान को छोड़ कोई भी गेंदबाज प्रभावी नजर नहीं आया। रहमान ने 4 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए। ओमरजाई ने 3.5 ओवर में 40 रन देकर 1, राशिद खान ने 4 ओवर में 36 रन देकर 1 विकेट लिए। मोहम्मद नबी ने 1 ओवर में 18 रन लुटाकर 1 विकेट लिए।

### गुलबदीन ने खेली अर्धशतकीय पारी

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने वाली अफगानिस्तान ने 6 विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाए थे। अफगानिस्तान के लिए गुलबदीन नायब ने 35 गेंद पर 4 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 63 रन की पारी खेली थी। रहमनुल्लाह गुरबाज ने 22 गेंद पर 27, सेदिकुल्लाह अटल ने 24 गेंद पर 29, दरवेस रसूली ने 13 गेंद पर 20, अजमतुल्लाह ने 7 गेंद पर 14 और नबी ने नाबाद 7 गेंद पर 10 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 2 और मैट हेनरी, जैकब डफी और रवींद्र ने 1-1 विकेट लिए थे। टिम सेफर्ट प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

विश्व कप

## नेपाल ने इंग्लैंड को दी कड़ी टक्कर मात्र 4 रन से हारा मुकाबला

एजेंसी ⏭ मुंबई

वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को खेले गए टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मुकाबले में बड़ा उलटफेर होते-होते बचा। सांस रोक देने वाले रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने नेपाल को 4 रन से हराया। आखिरी ओवर में नेपाल को जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी, लेकिन नेपाल 5 रन बना सकी और 4 रन से मैच हार गई। इंग्लैंड की तरफ से आखिरी ओवर सैम करन ने किया था। 185 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी नेपाल क्रिकेट टीम मजबूत जीवटता का परिचय दिया। कुशाल भुर्टेल के 17 गेंद पर 29, कप्तान रोहित पॉडेल के 34 गेंद पर 39 रन, दीपेंद्र सिंह एरे के 29 गेंद पर 44, और लोकेश बाम के 20 गेंद पर बनाए 39 रन की बदौलत नेपाल ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। नेपाल जीत से सिर्फ एक शॉट पीछे रह गई। सैम करन ने भी आखिरी ओवर में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और लीग क्रिकेट का पूरा अनुभव दिखाया, जिसकी वजह से इंग्लैंड को जीत हासिल हो सकी।



### श्रीलंका की जीत के साथ शुरुआत, आयरलैंड को हराया

**कोलंबो।** श्रीलंका ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप के छठे मुकाबले में 20 रन से जीत दर्ज की। आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मैच में श्रीलंका के महेश थीक्षाना हैट्रिक का मौका चूक गए। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी श्रीलंकाई टीम ने 6 विकेट खोकर 163 रन बनाए। कामिल मिसारा 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। निसांका 24 रन बनाकर आउट हुए। कामिंदु ने 44 रन जुटाए, जबकि कुसल मेंडिस ने नाबाद 56 रन बनाए। विपक्षी खेमे से बैरी मैकार्थी और जॉर्ज डॉकरेल ने 2-2 विकेट हासिल किए। इसके जवाब में आयरलैंड की टीम 19.5 ओवरों में 143 रन पर सिमट गई। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने रॉस एडेर के साथ पहले विकेट के लिए 24 रन जोड़े। एडेर 34 रन बनाकर आउट हुए। टकर ने टीम के खाते में 21 रन का योगदान दिया, जबकि टेक्टर ने 40 रन की पारी खेली। श्रीलंका की तरफ से महेश थीक्षाना और वानिंदु हसरंगा ने 3-3 विकेट निकाले। महेश थीक्षाना ने 17वें ओवर की लगातार दो गेंदों पर विकेट हासिल किए। इनके अलावा, मथीशा पथिराना ने 2 विकेट, जबकि दुश्मन्था चमीरा और डुनिथ वेललेज ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

रणजी ट्रॉफी

## उत्तराखंड की सेमीफाइनल में जगह पक्की, झारखंड को पारी से हराया




एजेंसी ⏭ चजमशेदपुर

मयंक मिश्रा और अभय नेगी की धारदार गेंदबाजी से उत्तराखंड ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन झारखंड को पारी और छह रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। उत्तराखंड के बाएं हाथ के अनुभवी स्पिनर मिश्रा ने 22 रन पर पांच विकेट लेकर झारखंड को अपनी फिरकी के जाल में फंसाया जबकि तेज गेंदबाज अभय नेगी ने 36 रन देकर चार विकेट चटकाए, जिससे विरोधी टीम दूसरी पारी में सिर्फ 130 रन पर ढेर हो गई। कल के पांच विकेट पर 282 रन से आगे खेलते हुए उत्तराखंड ने तीसरे दिन मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए पहली पारी में 122.3 ओवर में 371 रन बनाकर 136 रन की बढ़त हासिल की। निचले क्रम के बल्लेबाज अभय नेगी ने 46 रन की पारी खेलकर उत्तराखंड को बड़ी बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। झारखंड की टीम पहली पारी में 235 रन ही बना सकी थी। दूसरी पारी में भी झारखंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने 14 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों शिखर मोहन (02) और शरणदीप सिंह (08) के विकेट गंवा दिए।

### घरामी ने खेली नाबाद दोहरी शतकीय पारी, बंगाल को बढ़त

**कल्याणी।** सुदीप कुमार घरामी ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल के तीसरे दिन अपने करियर की यादगार पहली दोहरी शतकीय पारी खेली, जिससे बंगाल ने स्टंप तक पहली पारी में 123 रन की अहम बढ़त हासिल की। घरामी ने जबरदस्त संयम का परिचय देते हुए 451 गेंदों का सामना कर नाबाद 216 रन बना लिए हैं। इस तरह उन्होंने आंध्र के पहली पारी में 295 रन के जवाब में बंगाल को छह विकेट पर 418 रन तक बनाने में मदद की और अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दाएं हाथ के 26 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी लंबी पारी के दौरान 27 चौके लगाए। उनकी यह मैराथन पारी शुरुआती झटकों से जूझ रही बंगाल की टीम के लिए अहम साबित हुई, जिसने आंध्र को लगभग मुकाबले से बाहर कर दिया। पहली पारी की बढ़त हासिल कर चुकी बंगाल ड्रॉ की स्थिति में भी सेमीफाइनल में प्रवेश कर सकती है। लेकिन अब वह चौथे दिन और रन जोड़कर आंध्र को पूरी तरह मैच से बाहर करने की कोशिश करेगी।

## मैनचेस्टर का विजय रथ, टोटेनहैम को हराकर टॉप-4 में बनाई जगह

एजेंसी ⏭ मैनचेस्टर

माइकल कैरिक के मार्गदर्शन में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग फुटबॉल में लगातार चौथी जीत हासिल की, जिससे कुछ हफ्ते पहले मुश्किलों में नजर आ रही टीम अब काफी बेहतर स्थिति में दिख रही है। यूनाइटेड ने टोटेनहम को 2-0 से हराकर मुख्य कोच के तौर पर कैरिक की शत प्रतिशत जीत का सिलसिला जारी रखा और पिछले दो वर्षों से चैंपियंस लीग से बाहर रहने के बाद वापसी की उम्मीदों को बढ़ाया। टीम अब 25 मैच में 44 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। आर्सेनल ने शीर्ष पर नौ अंक की बढ़त बना ली है। टीम ने स्थानापन्न खिलाड़ी विक्टर ग्योकेरेस के दो गोल से संडरलैंड के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की।

■ कैरिक के मार्गदर्शन में लगातार चौथी जीत

आर्सेनल के 25 मैच में 56 अंक हैं। दूसरे स्थान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी (24 मैच में 47 अंक) रविवार को लीवरपूल से खेलेगा जबकि तीसरे स्थान पर मौजूद एस्टन विला (25 मैच में 47 अंक) ने बोर्नमाउथ के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। चेल्सी ने कोल पाल्मर की हैट्रिक से आखिरी स्थान पर मौजूद वॉल्व्स के खिलाफ 3-1 की जीत दर्ज की।

प्रीमियम लीग



## आईसीसी अंडर-19 विश्व कप सर्वश्रेष्ठ टीम में खेलेंगे वैभव, कनिष्क और हेनिल को मिली जगह

एजेंसी ⏭ दुबई

युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आईसीसी की अंडर-19 विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह मिली, जिसमें तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 80 गेंद में 175 रन की शानदार पारी खेलने के बाद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए 14 साल के सूर्यवंशी के अलावा टीम के उनके साथी कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल को भी 12 सदस्यीय टीम में जगह मिली। भारत ने रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीता। कनिष्क ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार महत्वपूर्ण योगदान दिया जबकि हेनिल के 11 विकेट में अमेरिका के खिलाफ 16 रन देकर पांच विकेट का शानदार स्पैल भी शामिल था।




### आईसीसी अंडर-19 पुरुष विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम

वैभव सूर्यवंशी (भारत), विरान चामुदिथा (श्रीलंका), फैजल खान शिनोजादा (अफगानिस्तान), थॉमस रेव (विकेटकीपर, कप्तान) (इंग्लैंड), ओलिवर पीक (ऑस्ट्रेलिया), बेन मायेस (इंग्लैंड), कनिष्क चौहान (भारत), नूरीस्तानी उमरजई (अफगानिस्तान), विटेल लावेस (वेस्टइंडीज), अली रजा (पाकिस्तान), मैनी लुम्सडेन (इंग्लैंड), हेनिल पटेल (भारत)।

## लवलीना और अरुंधति का शानदार प्रदर्शन, भारत ने जीते 9 स्वर्ण पदक

एजेंसी ⏭ ला नूसिया

ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी की अगुआई में भारत ने बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को सात एलीट महिला फाइनल में भारतीयों ने प्रतिनिधित्व किया। वहीं 54 किग्रा वर्ग में फाइनल दो भारतीयों के बीच हुआ। भारतीय महिलाओं ने प्रत्येक में स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सैम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से अधिक मुक्केबाजों ने भाग लिया। भारत नौ स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल रहा।



### महिला मुक्केबाजों का बेहतरीन प्रदर्शन


भारतीय महिलाओं ने अंतिम दिन बेहतरीन प्रदर्शन किया। मंजू रानी (48 किग्रा) और नीतू (51 किग्रा) ने क्रमशः स्पेन की मार्टा लोपेज और नोएलिया गुटिरेज पर सर्वसम्मत जीत के साथ शुरुआत की। फिर पूनम (54 किग्रा) ने एक कड़े मुकाबले वाले हमवतन प्रीति को हराया।

एशियाई चैंपियनशिपः हिमांशु ढिल्लों और शांभवी क्षीरसागर ने जूनियर वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

## भारतीय निशानेबाजों का दबदबा, इलावेनिल-बबूता ने जीता गोल्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओलंपियन इलावेनिल वलारिवन और अर्जुन बबूता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल) में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जिससे भारतीय निशानेबाजों का दबदबा लगातार बना रहा। भारत की जीत की लय जारी रखते हुए हिमांशु ढिल्लों और शांभवी क्षीरसागर ने इसी स्पर्धा के जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की एयर राइफल स्पर्धा में शनिवार को स्वर्ण जीत चुकी इलावेनिल ने चार टीम के फाइनल में 24 शॉट में 253.4 का स्कोर किया जबकि बबूता ने पदक दौर में खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए 251.6 अंक जुटाए, जिससे जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।




### इलावेनिल और बबूता ने बनाए 505.0 अंक

इलावेनिल और बबूता ने मिलकर 505.0 अंक बनाए जिससे वे दक्षिण कोरिया की यूनजी क्वोन और किम वूरिम (501.0) से चार अंक आगे रहे जिन्हें रजत पदक मिला। जापान की मिसाकी नोबाटा और नाओया ओकाडा की जोड़ी ने 437.1 अंक से कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में भी अपना दबदबा बनाते हुए 632.8 के कुल स्कोर से पहला स्थान हासिल किया। हिमांशु और शांभवी ने शनिवार को अपनी व्यक्तिगत सफलताओं के बाद मिश्रित टीम स्वर्ण पदक भी जीता।

### 8 माह की गर्भवती शूटर मेघना ने जीता गोल्ड



भारत की महिला शूटर मेघना सज्जनार ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में कमाल कर दिया और पहले उन्होंने 10 मीटर एयर रायफल इवेंट (व्यक्तिगत) में ब्रॉन्ज मेडल जीता और फिर 10 मीटर एयर रायफल टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने का कमाल किया। मेघना इस वक्त आठ माह की गर्भवती हैं और इस स्थिति में भी उन्होंने जो जज्बा दिखाया उसे सलाम है।

## नीदरलैंड को हराकर भारत ने बनाई बढ़त भांबरी-दक्षिणेश्वर ने खेला मैराथन खेल

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने मैराथन युगल मुकाबले में डेविड पेल और सैंडर एरेंड्स को 7-6, 3- 6, 7-6 से हराकर भारत को नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर पहले दौर के मुकाबले में रविवार को 2 -1 से बढ़त दिला दी। तीन घंटे तक चले बराबरी के मुकाबले में एन श्रीराम बालाजी की जगह दक्षिणेश्वर को उतारने का भारतीय कप्तान रोहित राजपाल का फैसला सटीक साबित हुआ। दोनों टीमों के लिए यह अहम मुकाबला था क्योंकि कल स्कोर 1-1 से बराबर था ।

डेविस कप क्वालीफायर




### भाम्बरी ने खतरे को टाला

भाम्बरी की सर्विस पर लगातार दबाव था खासकर सातवें गेम में जब उनकी पहली सर्विस कमजोर पड़ गई थी। जब स्कोर 30-30 से बराबर था तब एक 'डबल फॉल्ट' से नीदरलैंड को ब्रेक प्वाइंट मिला लेकिन भाम्बरी ने सटीक रिटर्न से जवाब देकर खतरे को टाल दिया। इसके बाद दक्षिणेश्वर बैकहैंड वॉली पर गेम प्वाइंट बनाने से चूक गए और एरेंड्स के स्मैश से डच टीम को फिर बढत बनाने का मौका मिला। इस खतरे को भी भारतीय जोड़ी ने टाल दिया। इसके बाद लंबी रिटर्न पर एरेंड्स से चूक गई और यह लंबा गेम खत्म हुआ। अगले गेम में भारत को पहला ब्रेक प्वाइंट बनाने का मौका मिला लेकिन डच जोड़ी ने बचाव कर लिया। भारतीय जोड़ी को पांच ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने एक भी भुनाने नहीं दिया। सेट टाइब्रेकर में खिंचने के बाद भांबरी और दक्षिणेश्वर ने 4-0 की बढत बना ली और एक भी अंक गंवाये बिना इसे खत्म किया।




# वैज्ञानिकों के हाथ लगा लकड़ी का खजाना, ढूंढ निकाली 4 लाख साल पुरानी चीज

ग्रीस में वैज्ञानिकों को कुछ ऐसी चीजें मिली हैं, जिसने उन्हें भी हैरान कर दिया है। ये चीजें लकड़ी से बने औजार जैसी हैं, जिन्हें अब तक खोजे गए सबसे पुराने लकड़ी के औजारों में से एक बताया जा रहा है। वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि ये औजार 430,000 साल पुराने हो सकते हैं।

**एथेंस।** कभी-कभी वैज्ञानिकों के हाथ कुछ ऐसा लग जाता है, जिसपर वो खुद भी यकीन नहीं कर पाते. ग्रीस में भी कुछ ऐसा ही हुआ है। यहां वैज्ञानिकों ने लाखों साल पुरानी ऐसी चीज ढूंढ निकाली है, जो हर किसी के लिए हैरान कर देने वाला है। दरअसल, यहां एक झील के किनारे वैज्ञानिकों को दो कलाकृतियां मिली हैं, जिसे अब तक खोजे गए सबसे पुराने लकड़ी के औजारों में से एक बताया जा रहा है। दावा किया गया है कि ये औजार 430,000 साल पुराने हैं। हालांकि, अभी तक घटनास्थल पर इंसानी अवशेष नहीं मिले हैं, इसलिए ये स्पष्ट नहीं है कि इन औजारों का इस्तेमाल किसने किया था, लेकिन कहा जा रहा है कि इनके मालिक निएंडरथल हो सकते हैं, जो इंसानों के प्रारंभिक पूर्वज माने जाते हैं। जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में छपे एक रिसर्च में ये सामने



आया है कि लकड़ी के इन औजारों में एक पतली सी छड़ी है जो लगभग ढाई फीट (80 सेंटीमीटर) लंबी है। माना जा रहा है कि इसका इस्तेमाल कीचड़ खोदने के लिए किया जाता होगा। वहीं, दूसरा औजार विलो या चिनार की लकड़ी का एक छोटा और रहस्यमय टुकड़ा है, जिसे हाथ से पकड़ा जा सकता था और इसका इस्तेमाल पत्थर के औजारों को आकार देने के लिए किया जाता रहा होगा।

### आखिर कैसे अब तक सुरक्षित हैं ये औजार?

वैज्ञानिकों का मानना है कि प्राचीन मानव पत्थर, हड्डी और लकड़ी से बने अनेक प्रकार के औजारों का प्रयोग करते थे, लेकिन लकड़ी से बने औजारों के प्रमाण मिलना कठिन है, क्योंकि लकड़ी बहुत जल्दी सड़ जाती है। ऐसे औजार सिर्फ बर्फ, गुफाओं या पानी के भीतर विशिष्ट वातावरण में ही संरक्षित रहते हैं। माना जा रहा है कि ग्रीस के मेगालोपोलिस बेसिन में पाए गए ये नए औजार संभवतः तलछट में जल्दी दब गए और समय के साथ नम वातावरण के कारण संरक्षित हो गए।

### 4 लाख हजार साल पुरानी है ये जगह

शोधकर्ताओं ने पहले भी इस जगह पर पत्थर के औजार और हाथियों की हड्डियों सहित अन्य अवशेष खोजे हैं, जिनपर निशान बने हुए हैं। हालांकि वैज्ञानिकों ने लकड़ी के औजारों की उम्र का सीधे तौर पर निर्धारण नहीं किया है, लेकिन ये जगह लगभग 430,000 साल पुरानी है और इसी से इन औजारों की उम्र का अनुमान लगाया जा सकता है।

### पहली नजर में नहीं लगते लकड़ी के औजार

स्मिथसोनियन नेशनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री के पुरातत्वविद जारोड हट्सन ने कहा कि ग्रीस में स्थित इस जगह पर संभवतः अतीत के और भी कई अनमोल अवशेष मौजूद हैं जिन्हें अभी खोजा जाना बाकी है, लेकिन इन दो नए औजारों की साधारण सी बनावट के कारण इनके बारे में बता पाना कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा, 'इन औजारों को लेकर उत्साहित होना मुश्किल है, क्योंकि ये पहली नजर में लकड़ी के औजार नहीं लगते।

## रोचक खबरें



### महिला ने बार-बार कबूतरों को खिलाया खाना, लग गया 2 लाख का जुर्माना

**सिंगापुर।** क्या आपने कभी सोचा है कि कबूतरों को खाना खिलाना अपराध हो सकता है और उसके लिए लाखों का जुर्माना लगाया जा सकता है? नहीं ना, पर सिंगापुर में ऐसा ही एक मामला चर्चा में है। यहां 71 साल की एक महिला पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि वो मना करने के बावजूद बार-बार कबूतरों को खाना खिला रही थी। आमतौर पर पशु-पक्षियों को खाना खिलाना अच्छा माना जाता है, लेकिन जरा सोचिए कि अगर इस वजह से आपके ऊपर जुर्माना लगा दिया जाए तो? जी हां. सिंगापुर में एक महिला के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है, जिसने सभी को हैरान कर दिया है। दरअसल, यहां 71 साल की एक महिला पर जंगली पक्षियों को बार-बार खाना खिलाने के आरोप में 3,200 सिंगापुर डॉलर यानी 2,27,845 रुपए का जुर्माना लगाया गया है, जबकि उसने पहले ये वादा किया था कि वो पक्षियों को अब खाना नहीं खिलाएगी. महिला ने वन्यजीव अधिनियम के तहत चार आरोपों में अपना अपराध स्वीकार किया है। यह पहली बार नहीं है जब महिला को पक्षियों को खाना खिलाने को लेकर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल मई में उन्हें इसी अपराध के लिए और पक्षी पकड़ने के काम में बाधा डालने के लिए 1,200 सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया था।

### इस रहस्यमयी पुल से कूदकर आत्महत्या कर लेते थे कुत्ते

**एडिनबर्ग।** क्या आपने कभी सुना है कि किसी जानवर ने आत्महत्या की हो? अगर नहीं, तो ये आर्टिकल आपको हैरान कर सकता है। यहां हम आपको एक ऐसी अजीबोगरीब जगह के बारे में बता रहे हैं, जहां पहुंचकर कुत्ते आत्महत्या कर लेते थे। ये जगह स्कॉटलैंड में है। स्कॉटलैंड में मौजूद एक पुल डॉग्स का सुसाइड प्वाइंट माना जाता है। कहा जाता है इस पुल से छलांग लगाकर कुत्ते खुद अपनी जान दे देते हैं। खबरों के मुताबिक, स्कॉटलैंड के डंबार्टन इलाके में मौजूद इस पुल की हाइट करीब 50 फीट है। लोकल लोग बताते हैं कि जब भी कोई डॉग अपने मालिक के साथ यहां टहलने आता है, तो अचानक बिना किसी डर के पुल से नीचे कूद जाता है। एक रिपोर्ट में भी इस घटना का जिक्र किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, सैकड़ों डॉग्स इस पुल से छलांग लगा चुके हैं। यही कारण है कि इस पुल को 'डॉग्स सुसाइड ब्रिज' नाम दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस पुल का निर्माण 1950 में किया गया था और तभी से ऐसी घटनाएं सामने आने लगी थीं। हालांकि, पुल का क्या रहस्य है, इस बारे में किसी को कुछ भी पता नहीं चल पाया है।



# इसरो ढूंढ रहा बाहुबली का बॉस, रॉकेट्स को स्पेस में भेजने के लिए बनाया मास्टरप्लान

**भारत को दुनिया स्पेस लीडर बनाने के लिए इसरो ने मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। वह अब श्रीहरिकोटा के साथ ही तमिलनाडु में भी सैटेलाइट लॉन्चिंग सेंटर बनाने जा रहा है। ऐसा होने से ज्यादा संख्या और तेजी से सैटेलाइट स्पेस में भेजे जा सकेंगे। दुनिया की प्रमुख अंतरिक्ष शक्तियों में मुकाम बना चुका भारत अब सैटेलाइट लॉन्चिंग में ग्लोबल लीडर बनने की कोशिश में है। इसके लिए वह अपने स्पेस लॉन्चिंग सेंटरों की क्षमता बढ़ाने और नए लॉन्चिंग सेंटर खोलने के मिशन में लगा है। तमिलनाडु के कुलसेकरपट्टिनम में बन रहा नया लॉन्च सेंटर भी इन्हीं में से एक है। यह नया लॉन्च कॉम्प्लेक्स खास तौर पर छोटे रॉकेट लॉन्च करने के लिए इस्तेमाल होगा।**

**नई दिल्ली।** रिपोर्ट के मुताबिक, कुलसेकरपट्टिनम के लिए इसरो एक खास तरह की रेल लाइन लगाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए सतीश धवन स्पेस सेंटर ने टेंडर निकाला है। यह रेल लाइन लगभग 1700 मीटर लंबी होगी। इस लाइन का मुख्य काम पूरी तरह तैयार हाल वाले रॉकेट को असेंबली बिल्डिंग से लॉन्च पैड तक ले जाना होगा। जिसकी दूरी करीब 740 मीटर है। सूत्रों के मुताबिक, यह कोई सामान्य पैसेंजर ट्रेन या मालगाड़ी नहीं होगी, बल्कि खास तकनीक से बनी रेल होगी। इस स्पेशल ट्रेन का इस्तेमाल मोबाइल लॉन्च स्ट्रक्चर के रूप में होगा। जिस पर छोटे सैटेलाइट ले जाने वाले रॉकेट रखे होंगे। इन सैटेलाइटों समेत पूरे सिस्टम का वजन 570 टन तक हो सकता है। यह वजन इतना ज्यादा होगा कि ट्रेन के हर पहिए को करीब 100 टन भार तक वजन उठाना पड़ सकता है। इसलिए इतने वजन को वहन करने के लिए रेल में बेहद मजबूत स्टील और लोहे का इस्तेमाल होगा।



### कुलसेकरपट्टिनम का क्यों किया गया चयन?

इसरो वैज्ञानिकों के मुताबिक, श्रीहरिकोटा से 300 किलो तक का सैटेलाइट पोलर ऑर्बिट में ले जाना बड़ा मुश्किल होता है। लेकिन, कुलसेकरपट्टिनम में नया लॉन्चिंग सेंटर बन जाने से यह समस्या खत्म हो जाएगी। इसके बाद वहां से पोलर ऑर्बिट में सैटेलाइट भेजना ज्यादा आसान और असरदार हो जाएगा। इस सेंटर के तैयार होने से इसरो के साथ-साथ प्राइवेट कंपनियां भी वहां से अपने छोटे रॉकेट लॉन्च कर सकेंगी।

### भारत को स्पेस लीडर बनाने का प्लान

सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए 986 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट रखा है और इसे पूरा करने के लिए 2026-27 का लक्ष्य रखा है। इसरो के तहत आने वाले सतीश धवन स्पेस सेंटर ने अपने टेंडर नोटिस में काम पूरा करने के लिए 29 हफ्तों का समय रखा है। अधिकारियों का कहना है कि तय अवधि में काम पूरा न होने की हालत में चयनित कंपनी पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### ऊंचाई में नहीं होगा 1 मिलीमीटर से ज्यादा का फर्क

इसरो अधिकारियों का कहना है कि यह ट्रेन तो खास होगी ही, इसकी लाइन भी सामान्य नहीं होगी। इस रेल की ऊंचाई में 1 मिलीमीटर से ज़्यादा का फर्क नहीं होगा। जिससे रॉकेट लाते- ले जाते समय जरा-सी भी ऊंच-नीच न हो पाए। इस रेल लाइन में एक घुमावदार हिस्सा और अलग-अलग गेज की पटरियां होंगी। जिससे जरूरत होने पर लॉन्च स्ट्रक्चर को साइड में पार्क किया जा सके। इस सिस्टम की एक खास बात यह होगी कि जब ट्रैक बदला जाएगा, तो लॉन्च स्ट्रक्चर को कुछ समय के लिए जमीन पर टिकाया जाएगा। इसके बाद पहियों को उठाकर हाथ से सही दिशा में घुमाया जाएगा. इसके बाद उसे फिर से ट्रैक पर रखकर रवाना कर दिया जाएगा।

# कभी अमीरों का टूरिस्ट डेस्टिनेशन था ये शहर, 40 सालों से है वीरान

**वरोशा।** दुनिया में ऐसी कई जगहें हैं जहां दूर-दूर से लोग घूमने जाते हैं और वहां का आनंद उठाते हैं। पर सोचिए कि अगर ऐसा कोई टूरिस्ट डेस्टिनेशन अचानक से वीरान हो जाए और उसे लोग भुतहा शहर कहने लगें तो क्या होगा? ऐसा ही एक शहर सिप्रस में मौजूद है। एक वक्त ऐसा था जब इस शहर का एक इलाका इतना फेमस था कि यहां सेलिब्रिटी और आम लोग घूमने जाया करते थे। पर 40 सालों से शहर वीरान है। सवाल ये उठता है कि आखिर यहां से लोग कहां चले गए? रिपोर्ट के अनुसार वरोशा, सिप्रस के तट पर एक शांत शहर है, जिसका नाम फामागुस्ता है। इस शहर में एक इलाका है, जिसे वारोशा कहते हैं। ये इलाका बहुत फेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन था। कई अमीर और बड़े सेलिब्रिटी यहां पर छुट्टियां मनाने आ चुके हैं। यहां कई बड़े होटल, स्टाइलिश रेस्टोरेंट, और भीड़भाड़ वाली सड़कें थीं।



### अभी भी सुनसान पड़ा है ये शहर

कब्जे के बाद तुर्की की आर्मी ने पूरे इलाके को बंद किया दिया। कटीले तार लगा दिए गए और वरोशा के चारों ओर सैनिक तैनात कर दिए गए। किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। धीरे-धीरे प्रकृति ने अपना रूप दिखाया और शहर में पेड़-पौधे उग गए, दीवारों पर काई जम गई और शहर ऐसा दिखने लगा जैसे समय में रुक गया हो। 40 साल बाद भी वरोशा पूरी तरह खाली है। शहरों में अभी भी वॉर्निंग साइन लगे दिख जाते हैं, जो कहते हैं, अंदर जाना मना है या फिर फोटो खींचना मना है। हालांकि, 2003 के बाद कुछ पूर्व नागरिकों को शहर के कुछ हिस्सों में घुसने की अनुमति दे दी गई थी। उन्हें तब वहां जो दिखा, वो ज्यादा ही हैरान करने वाला था। पुरानी कारें शोरूम के अंदर मौजूद थीं, दुकानों की कांच की खड़कियां टूटी हुई थीं। होटल डैमेज हो चुके थे, खाली कमरे थे।

### इस वजह से शहर का हुआ ऐसा हाल!

अब सवाल ये उठता है कि आखिर इस शहर का ये हाल कैसे हो गया? दरअसल, वरोशा का डाउनफॉल 1974 से शुरू हो गया था। दरअसल, 1974 में सिप्रेस में ग्रीस के द्वारा प्रायोजित हिंसा हुई जिसकी वजह से वहां तख्तापलट हो गया। उसी समय तुर्की ने सिप्रस पर कब्जा कर लिया। जैसे ही तुर्की के जवान देश में घुसे, ग्रीस और सिप्रेस के नागरिकों ने वरोशा को छोड़ दिया और जान बचाकर भाग निकले। लोगों ने सब कुछ पीछे छोड़ दिया। बर्तनों में खाने पड़े थे, शादी के तोहफे खुले नहीं थे, बच्चों के खिलौने जमीन पर ही पड़े हुए थे।

# रेड हिल थी भारत की सबसे पहली ट्रेन भारतीय रेलवे से जुड़े हैं कई रोचक तथ्य

**नई दिल्ली।** भारत की पहली ट्रेन का नाम रेड हिल रेलवे था। 1837 में यह ट्रेन रेड हिल्स से चिंताद्रिपेट पुल तक चलाई गई थी। इन दोनों जगहों के बीच 25 किलोमीटर की दूरी है। ट्रेन के निर्माण का श्रेय सर आर्थर कॉटन को दिया गया था। इस ट्रेन का इस्तेमाल प्रमुख रूप से ग्रेनाइट के परिवहन के लिए होता था। आम लोगों के लिए भारत में 16 अप्रैल 1853 को पहली ट्रेल चली थी। यह ट्रेन बोरी बंदर (मुंबई) और ठाणे के बीच 34 किमी चलाई गई थी, जिसमें 400 यात्रियों ने यात्रा की थी। सबसे खास बात यह है कि इस दिन सार्वजनिक अवकाश का ऐलान किया गया था। भारत में सबसे तेज चलने वाली ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस है। इस ट्रेन की स्पीड 180 किमी. प्रति घंटा है, लेकिन सुरक्षा कारणों की वजह से फिलहाल 130 से 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है। भारत में सबसे लंबी दूरी तक चलने वाली ट्रेन डिब्रूगढ़ और कन्याकुमारी के बीच चलने वाली विवेक एक्सप्रेस है। यह ट्रेन 4,286 किमी की दूरी करीब 82 घंटे 30 मिनट में तय करती है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com